दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 अंक 50 सीकर, शुक्रवार 17 अप्रेल 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

## सेव द एलिफेंट डे पर विरोध : आमेर में हाथी सवारी बंद करने की मांग

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सेव द एलिफेंट डे के अवसर पर राजधानी के जवाहर सर्किल पर युवाओं और पशु प्रेमियों ने पेंटेड हाथी फोटोशूट और हाथियों के उपयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पोस्टर लेकर लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि हाथी मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि संवेदनशील जीव हैं। कार्यकर्ताओं ने आमेर किले में पर्यटकों के लिए कराई जाने वाली हाथी सवारी पर भी चिंता जताई। उनका कहना था कि हाथियों को कठोर परिस्थितियों में काम करना पड़ता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पशु कल्याण बोर्ड ऑफ इंडिया और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के प्रोजेक्ट एलिफेंट द्वारा भी इस मुद्दे को पहले उठाया जा चुका है। वाइल्डलाइफ कैंपेन मैनेजर शुभोब्रतो घोष ने बताया कि कैद में रखे गए हाथियों में मानसिक तनाव के लक्षण दिखाई देते हैं। हाल के वर्षों में काजीरंगा, त्रिपुरा और उत्तराखंड के राष्ट्रीय उद्यानों में हाथियों से जुड़ी घटनाओं ने इस मुद्दे को और गंभीर बना दिया है। प्रदर्शनकारियों ने राजस्थान सरकार से मांग की कि आमेर किले में हाथी सवारी को बंद कर हाथियों को सुरक्षित अभयारण्यों में स्थानांतरित किया जाए। गौरतलब है कि विश्व पशु संरक्षण संगठन के अनुसार भारत में 2500 से अधिक हाथी कैद में हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि कैद का वातावरण उनके प्राकृतिक जीवन के अनुकूल नहीं होता, क्योंकि जंगल में हाथी रोजाना 20 किलोमीटर से अधिक चलते हैं, जबकि कैद में यह संभव नहीं है।



## मारवाड़ हैंडीक्राफ्ट एवं उद्योग मेले का उद्घाटन



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय स्टेशन रोड स्थित परमवीर पीरूसिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल प्रांगण में गुरुवार से आयोजित हुए मारवाड़ हैंडीक्राफ्ट एवं उद्योग मेले के अंतर्गत समर कार्मिनल 2026 का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने देवपूजन व फीता काटकर किया। समारोह में बोलते हुए हर्षिनी कुलहरी ने कहा कि इस प्रकार के मेलो से स्वदेशी हैंडीक्राफ्ट वस्तुओं को बढ़ावा मिलता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण कदम साबित होता है। उद्घाटन से पूर्व भाजपा अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी के कर कमलों द्वारा श्रीगणेश पूजन किया गया। मेले के निदेशक मोहित सैनी, मोहर सिंह सैनी, प्रबंधक कुंदन सिंह शेखावत व व्यवस्थापक अरुण सिंह ने कुलहरी का माला, साफा, दुपट्टा पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया । इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री दलीप सैनी, जिला उपाध्यक्ष महावीर सिंह ढाका एवं मुकेश सैनी सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे ।

### महिला आरक्षण पर पीएम की अपील:
## राजनीति से ऊपर उठकर लें ऐतिहासिक फैसला



**नई दिल्ली.** संसद में एक महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसे क्षण बार-बार नहीं आते। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह अवसर केवल एक विधेयक पारित करने का नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को नीति-निर्धारण की मुख्यधारा में लाने का है।

### लोकतंत्र की परंपरा में नया अध्याय जोड़ने का अवसर

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को मदर ऑफ डेमोक्रेसी कहा जाता है और हजारों वर्षों की लोकतांत्रिक परंपरा में यह एक नया आयाम जोड़ने का समय है। उन्होंने माना कि यह कदम 25-30 साल पहले उठाया जाना चाहिए था, जिससे यह व्यवस्था अब तक और परिपक्व हो चुकी होती।

### विकसित भारत के लिए जरूरी है महिलाओं की भागीदारी

उन्होंने स्पष्ट किया कि विकसित भारत का मतलब केवल इंफ्रास्ट्रक्चर या आर्थिक आंकड़े नहीं हैं, बल्कि नीति-निर्धारण में सभी की समान भागीदारी जरूरी है। देश की 50% आबादी को निर्णय प्रक्रिया से बाहर रखना उचित नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महिला आरक्षण के मुद्दे को राजनीति के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह विषय पूरे देश और समाज से जुड़ा है, इसलिए सभी दलों को एकजुट होकर निर्णय लेना चाहिए।

# चूरू विधायक हरलाल सहारण, भाजपा नेता पराक्रम सिंह को कांग्रेस नेताओं ने दिखाए काले झंडे...

### भाजपा नेताओं को नहीं करने दिया उद्घाटन, दोनों पक्षों के बीच हुई हाथापाई, पुलिस ने किया हल्का बल प्रयोग





निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ शहर के एन.के. लोहिया स्टेडियम में बुधवार रात स्टेडियम की चारदीवारी निर्माण के उद्घाटन कार्यक्रम से पहले ही माहौल गरमा गया। अधूरी चारदीवारी निर्माण कार्य और स्टेडियम में हुई भर्ती का लोकार्पण करने सम्बंधी शिलापट्ट पर भाजपा से चूरू विधायक हरलाल सहारण का नाम लिखे जाने और शिलापट्ट पर सुजानगढ़ से कांग्रेस विधायक मनोज मेघवाल का नाम अंकित नहीं होने से कांग्रेस कार्यकर्ता भड़क गए। मुख्य कार्यक्रम क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन था, उससे पहले ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध और प्रदर्शन शुरू कर दिया और अधूरे कार्य का उद्घाटन करने के प्रयास को नाजायज बताया। इस दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से उप पुलिस अधीक्षक दरजाराम बोस, प्रशिक्षु आरपीएस विनोद कुमार ने प्रदर्शनकारियों से समझाईश के काफी प्रयास किए लेकिन प्रदर्शनकारी नहीं माने। दूसरी ओर मामले की जानकारी मिलने पर तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक मौके पर पहुंचे और उनसे जब पुलिस प्रशासन के लोगों और भाजपा नेताओं से बात हुई तो उन्होंने कहा कि जब काम ही पूरा नहीं हुआ तो उद्घाटन का शिलापट्ट लगाने का क्या औचित्य है। जिस पर भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप ने कहा कि सभापति के सेवाकाल पूरा होने के बाद भी कांग्रेस नेताओं ने काफी जगह पत्थर लगाए हैं। जिस पर तहसीलदार ने कहा कि नगरपरिषद के अधिकारियों को बुलाते हैं। इस पर नगरपरिषद की सहायक अभियंता चारवी, एटीपी उदयसिंह मौके पर पहुंचे लेकिन फिर भी कोई एकराय इस उद्घाटन को लेकर नहीं बनी और कांग्रेस नेता उतरी गेट की तरफ प्रदर्शन करते रहे।

### एक घंटे तक चला प्रतियोगिता का उद्घाटन

रात्रि करीब साढ़े आठ बजे के बाद गणेश मंदिर के सामने वाले गेट से भाजपा विधायक हरलाल सहारण, चूरू जिला खेल संघ के अध्यक्ष पराक्रम सिंह राठौड़ स्नेह मिलन रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे। जहां पर हरलाल सहारण और पराक्रम राठौड़ ने ट्रॉफी का अनावरण किया। उसके बाद मंच पर मौजूद विधायक हरलाल सहारण, पराक्रम राठौड़, विक्रमसिंह सांखला, महवीर परावा, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप, मंडल भाजपा के अध्यक्ष विनय माटोलिया, सत्यवीर, दिलीप प्रजापत, दीनदयाल पारीक, पवन सोनी, पंकज घासोलिया, नारायण, हरीओम खोड़, गंगाधर लाखन, विक्रमसिंह, श्रीनिवास लिंबा, पवन तोदी, महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री जयश्री दाधीच, युवा मोर्चा संयोजक हिमांशु भाटी, गिरधारीलाल बुगालिया आदि अतिथियों का स्वागत किया गया। राजा खान, आसिफ खान, अकरम, विक्की चौहान, शिवभगवान चौहान, भाजपा नेता कमल दाधीच सहित अनेक लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा के मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप ने सुजानगढ़ को खेल स्टेडियम देने की मांग रखी। वहीं जयश्री दाधीच ने स्टेडियम के लिए खिलाड़ियों के संघर्ष को सलाम किया। दूसरी ओर चूरू जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पराक्रम राठौड़ ने कहा कि खेल कांग्रेस-बीजेपी का नहीं है, खेल प्रेमियों का है। विरोध करने वाले लोगों को सोचना चाहिए कि वो क्या कर रहे हैं ? उन्होंने स्टेडियम की मांग पर सकारात्मक प्रयास करने का आश्वासन दिया। दूसरी ओर चूरू के विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यही कहना है कि खेलेगा इंडिया, तभी आगे बढ़ेगा इंडिया। उन्होंने आयोजकों को बधाई दी। वहीं भाषण के बाद आतिशबाजी के बीच अतिथियों को मैदान पर ले जाया गया और टॉस करवाकर पराक्रम राठौड़ और हरलाल सहाराण ने बॉल खेलकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उसके बाद राष्ट्रगान के बाद उद्घाटन मैच शुरू हो गया।

### कैसे खड़ा हो गया बवाल, दिखाये काले झंडे

प्रतियोगिता के उद्घाटन के बाद एंकर भाजपा नेता कमल दाधीच ने शिलापट्ट के अनावरण की अनाउंसमेंट कर दी, जिसके चलते सभी अतिथि उस गेट पर पहुंचे गए, जहां पर कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पहले से ही विरोध कर रहे थे। हरलाल सहारण और पराक्रम राठौड़ के पहुंचने पर कांग्रेस नेताओं ने खुले रूप से काले झंडे दिखाए और विरोध दर्ज करवाते हुए हरलाल सहारण के सामने ही शिलापट्ट को तोड़ डाला। भारी विरोध के बीच दोनों तरफ के लोगों में छीना झपटी, रस्साकस्सी और जिद बहस हुई। उसके बाद अतिथि स्टेडियम में वापस चले गए लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए स्टेडियम में घुसने का जबरन प्रयास किया, जिनको रोकने के लिए पुलिस बल ने स्टेडियम का गेट बंद करना पड़ा। इस दौरान पुलिसबल को काफी मशक्कत करनी पड़ी और पुलिसकर्मियों के साथ कांग्रेस नेताओं की कहासुनी हुई। कांग्रेस नेता अमित मारोठिया, विजय बटेसर, सौरभ पीपलवा, इकबाल खान कायमखानी, सलीम खान गाजी, सफी मोहम्मद, आसिफनसवाण, आवेश राव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा विधायक हरलाल सहारण और भाजपा नेता पराक्रम सिंह राठौड़ को काले झंडे दिखाये। करीब दो मिनट तक पुलिस और कांग्रेस नेताओं के बीच संघर्ष जारी रहा। उसके बाद प्रदर्शनकारियों ने गणेश मंदिर चौराहे की ओर जाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उनको रोका और हल्का बल प्रयोग करने का प्रयास किया लेकिन प्रदर्शनकारी पुलिस से आमने सामने हो गए। प्रदर्शनकारियों ने अतिथियों की गाड़ियों की तरफ बढ़ने की कोशिश की, जिनको रोकने के लिए पुलिस ने जी जान लगा दी। दूसरी ओर भीड़ के इधर-उधर भागने के कारण अफरा तफरी का माहौल बन गया। कुछ लोगों ने पत्थर भी फेंक दिए, जिससे कुछ लोग चोटिल हुए। कांग्रेसियों ने शिलापट्ट तोड़ा तो गणेश मंदिर के सामने स्थित शिलापट्ट को भी कुछ दूसरे लोगों ने तोड़ डाला। इस शिलापट्ट पर यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा का नाम अंकित था। इसी गेट से भाजपा के नेताओं का आना-जाना था। इसी बीच अतिथियों की गाड़ियों को थाने के सामने से पुलिस ने निकलवाया और स्थिति को नियंत्रण में किया। वहीं घटना के बाद भाजपा नेता जयश्री दाधीच ने कहा है कि कांग्रेस वाले सुजानगढ़ को बंगाल बनाना चाहते हैं और शांत सुजानगढ़ में यह निंदनीय घटना कांग्रेस ने कर दिखाई, जो काबिले बर्दाश्त नहीं है। वहीं भाजपा नेता बाबूलाल कुलदीप ने कहा कि भाजपा नेताओं पर हमला कतई स्वीकार नहीं है, जनता ऐसे लोगो को सबक सिखाएगी और हम जल्द ही मीटिंग करके सीएम से इस मामले को लेकर मिलेंगे। दूसरी ओर कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि अधूरे कार्य का उद्घाटन किया जा रहा है और स्थानीय विधायक की अनदेखी की गई है। वहीं विधायक हरलाल सहारण ने शिलापट्ट तोड़ने की घटना को लोकतंत्र के खिलाफ बताते हुए इसे ओछी हरकत करार दिया। मौके पर डीएसपी दरजाराम सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। गुरूवार को दिनभर इसी घटना की चर्चा लोगों के बीच चलती रही। इस मामले में जनहित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट रामकुमार मेघवाल ने बताया कि दोनों पार्टियों को अपनी मर्यादा में रहना चाहिए और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास नहीं करना चाहिए। इस प्रकार की घटनाएं दुबारा न हो, इसके लिए दोनों पार्टियो को अपने अंदर झांककर चिंतन करने की जरूरत है।

## स्टार एकेडमी स्कूल ने सीबीएसई बोर्ड 10वीं परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम पर मनाया जश्न

सुरेन्द्र शर्मा



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय के बाकरा रोड स्थित स्टार एकेडमी स्कूल ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर क्षेत्रीय द्वारा जारी 10 वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 96.20 प्रतिशत के साथ जयंत प्रथम स्थान, 95.40 प्रतिशत के साथ काव्यांश झाझड़िया द्वितीय स्थान, 94.80 प्रतिशत के साथ सोनम तृतीय स्थान, 94 प्रतिशत के साथ मौलिक व शौर्य रोहिला चतुर्थ स्थान पर रहे। कुल प्रविष्ट विद्यार्थियों में से 95 प्रतिशत से अधिक 2 विद्यार्थी, 90 प्रतिशत से अधिक 15 विद्यार्थी, 85 प्रतिशत से अधिक 27 विद्यार्थी रहे। कुल प्रविष्ट विद्यार्थियों में से हर तीसरे विद्यार्थी ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन पदाधिकारियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले सभी विद्यार्थियों को उनकी शानदार सफलता के लिए बधाइयां देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एकेडमिक डायरेक्टर मोनिका निर्वाण, एकेडमिक एडमिनिस्ट्रेटर विकास भालोठिया, कैप्टन मूलचंद झाझड़िया, संजय जांगिड़, हरिश्चंद्र कालोईया, मुकेश कुमार, मुकेश तानेनिया, अमित जांगिड़, मुनेश कुमार, श्वेता शर्मा, प्रतिभा शर्मा, विजेंद्र सिंह पंवार, विक्रम सिंह, शिवकुमार पालीवाल, जितेंद्र स्वामी, दिव्या गुरह, कविता पूनिया, महेंद्र सिंह सिहाग, संजय गरवा, कपिल जांगिड़, महेंद्र सिंह बेनीवाल, प्रीतम रजक, नवीन सैनी, पवन कुमार, सैनीगल, पपीता कुल्हरी, कर्मसिंह, सोहन सिंह, नीतू जानू, महिमा शर्मा, अरुण कुमार, ज्योति सैनी, दीपिका कुमारी, नेहा अग्रवाल, मनीषा बलोदा, अनिता कुमारी, सुमन कुमारी देवना, सीमा कंवर, कृष्णा धाकड़, मोनिका जांगिड़, रिंकू चौधरी, पिंकी जांगिड़, सविता सैनी, रेनु यादव, सूरज, प्रहलाद सिंह, रिशु सहित सम्पूर्ण विद्यालय परिवार ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाते हुए इस शानदार परीक्षा परिणाम का जश्न मनाया।

## गार्गी चयनित छात्राओं का शिक्षकों ने किया डोर टू डोर अभिनन्दन

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** स्थानीय पीएम श्री राजकीय केसर देवी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की बोर्ड परीक्षा में अव्वल रही बालिकाओं का विद्यालय की शिक्षक टीम द्वारा घर घर जाकर अभिनन्दन किया गया।

संस्था प्रधान विजय सिँह ने बताया की विद्यालय की होनहार 28 बालिकाओं का घर घर जाकर सम्मान किया गया। प्रभारी शंकर लाल ने बताया कि इस बार बोर्ड परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त गार्गी पुरस्कार में चयनित बालिकाओं के प्रोत्साहित के लिए माला साफा और मुँह मीठा करवा कर स्वागत किया है। शिक्षक शिव शंकर बोहरा ने बताया घर घर जाकर छात्राओं एवं उनके अभिनन्दन करने से न केवल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलता है बल्कि अभिभावकों का सरकारी विद्यालय के प्रति रुझान भी बढ़ता है और नामांकन अभिवृद्धि में भी इजाफा होता है। इससे अभिभावक शिक्षक और विधार्थी के बीच कड़ी मजबूत होती है। इस अभियान मे चेतना रैगर, नाजिसा, निहारिका जांगिड़, चेतना प्रजापत, महक सोनी सहित सभी बालिकाओं का अभिनन्दन किया गया। सम्पर्क दल में शशि शर्मा, पूनम वर्मा, आकिब जावेद, शिक्षिका परमेश्वरी टीम मौजूद रही।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट और अकासा के विमान टकराए

### पार्किंग एरिया में हादसा; दोनों प्लेन को नुकसान



**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर स्पाइसजेट और अकासा एयर के विमान आपस में टकरा गए। घटना गुरुवार दोपहर 2 बजे हुई। जानकारी के मुताबिक अकासा का विमान हैदराबाद जाने के लिए तैयार खड़ा था। उसी समय लेह से आया स्पाइसजेट का विमान उससे टकरा गया। हादसे में स्पाइसजेट के दाहिने पंख का हिस्सा अकासा के बाएं तरफ के पिछले पंख में जा घुसा। घटना के बाद एयरपोर्ट स्टाफ ने दोनों प्लेन में सवार सभी यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतार लिया। हादसे में किसी यात्री को चोट नहीं लगी। घटना के बाद स्पाइसजेट और अकासा के प्लेन दिल्ली में ही खड़े कर दिए गए हैं, यानी इन्हें अगली उड़ान के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। घटना की जांच की जा रही है।

### कोबरी-सार



# मेड़तियान सिलावट समाज क्रिकेट प्रतियोगिता जारी

निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** मेड़तियान सिलावट समाज बीकानेर की ओर सिलावट समाज क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन-3 2026 का प्रदेश स्तर का टूनामेंट बीकानेर आयोजित किया जा रहा है। यह टूनामेंट बीकानेर के रेलवे स्टेडियम में चल रहा है गुरूवार को सेमीफाइनल के 2 मैच हुए। जिसमें पहला सेमीफाइनल मुकाबला बीकानेर रॉयल्स और ओमेन क्रिकेट क्लब लाडनूं के बीच खेला गया जिसमें बीकानेर रॉयल्स ने पहले बेटिंग करते हुए निधार्रित 12 ओवर में 93/7 रन बनाए ओमान क्रिकेट क्लब बेटिंग करते हुए मंसूर अली ने शानदार बेटिंग हुए 55 बनाये ओर अपनी टीम को जीत दिलाई। लाडनूं की टीम ने 94 रन निधार्रित 10.1 ओवर में बनाये। पहले मैच में मेन ऑफ दी मैच लाडनूं टीम के कप्तान हमीद सोलंकी बने जिन्होंने अपनी टीम के लिए गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट हासिल किए। दूसरा सेमीफाइनल मैच मकराना क्रिकेट क्लब और बीदासर स्पॉर्ट्स बीच खेला गया मकराना क्रिकेट क्लब ने पहले बैटिंग करते हुए निधार्रित 12 ओवर में 131 रन बनाए 132 रनों का टारगेट चेज करते हुए बीदासर स्पॉट्स 76 रनों पर ऑल आउट हो गई। दूसरे मैच के मकराना टीम के इरशाद को मैन ऑफ द मैच दिया गया जिसने 4 अहम बल्लेबाजों को आउट किया। आयोजनकर्ता ने बताया की फाइनल मैचओमेन क्रिकेट क्लब लाडनूं और मकराना क्रिकेट क्लब के बीच खेला जाएगा। सुबह 8 बजे आयोजन कर्ताओं ने बताया कि मकराना क्रिकेट क्लब और ओमेन क्रिकेट क्लब लाडनूं पिछले साल लाडनूं में जो प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित हुआ था उस समय यही दोनों टीम में आपस में फाइनल खेला गया था।

# प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया सम्मान

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा घोषित माध्यमिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। स्कूल टॉपर सुप्रिया पुत्री दलीप ने 98.40 प्रतिशत अंक व प्रियांशी शर्मा 94.40, दिव्यम 94.20, अर्णव 94, अनिशा भास्कर 93.40, गरिमा 90.80, यश 90.20 को 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर विद्यालय प्रांगण में साफा पहनाकर, तिलकार्चन व माल्यार्पण कर अभिभावकगण के साथ मिठाई खिलाकर भव्य सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेशक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया, संरक्षिका विनोद ढूकिया, सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने मेधावी विद्यार्थियों की उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इंजी. ढूकिया ने प्रतिभाशाली अभिभावकगण का अभिनंदन कर स्वागत करते हुए अभार व्यक्त किया और अपने उद्बोधन में कहा कि बड़ी सफलता के लिए बड़े पिता का होना जरूरी नहीं, बड़ा लक्ष्य होना जरूरी है। उन्होने विद्यार्थियों को जीवन में सही मार्गदर्शन की दिशा में चलने का आह्वान किया और बताया कि संस्था का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। मेधावी सुप्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, माता-पिता को देते हुए कहा कि यह उपलब्धि मेरे शिक्षकगण की कठोर मेहनत व मार्गदर्शन का प्रमाण है। छात्रा भविष्य में प्रशासनिक अधिकारी बनना चाहती है। सहायक अभियंता ज्योति ढूकिया, प्रधानाचार्य निधि सिहाग व शुभकरण खीचड़ ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान समारोह में विद्यालय प्रांगण में विजयोत्सव मनाते हुए डीजे बजाकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। कार्यक्रम में राकेश झाझड़िया, सुधीर शर्मा, मंगलाराम जांगिड़, पवन कुमार, मनीष सैनी, महावीर शर्मा, सुनील मील व अभिभावक सरोज देवी, गीता देवी, मोहन लाल, आकाश कुमार, राजेश कुमार, मंजू चौधरी, सुशिला देवी व स्टाफ सदस्य मौजूद रहें।

## चंद्रशेखर जन्म शताब्दी समारोह आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राइटर क्लब द्वारा चंद्रशेखर जन्म शताब्दी समारोह के तहत जवाहर कला केंद्र में 17 अप्रैल को सायंकाल 4:30 बजे राजनीति और रिश्ते पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया जाएगा। राइटर क्लब के अध्यक्ष लोकेश कुमार सिंह साहिल ने बताया कि इस व्याख्यान माला के मुख्य वक्ता भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव मोहन प्रकाश होंगे। अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह शेखावत करेंगे । इस अवसर पर समाजवादी नेता पंडित रामकिशन, विधायक गोपाल शर्मा एवं पत्रकार संजीव श्रीवास्तव भी अपने विचार रखेंगे।

# एडवोकेट राजेश शर्मा कर्नल ने चिड़ावा कोर्ट में किया संपर्क



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राजस्थान बार काउंसिल चुनाव 2026 की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सदस्य पद के उम्मीदवार एडवोकेट राजेश शर्मा कर्नल गुरुवार को जयपुर से चिड़ावा पहुंचे। उन्होंने चिड़ावा कोर्ट परिसर का दौरा कर अधिवक्ता साथियों से मुलाकात की और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर उनके साथ चिड़ावा नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष सुभाष शर्मा, विप्र फाउंडेशन के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा डूमोली और तहसील अध्यक्ष पृथ्वीराज शर्मा भी मौजूद रहे। कर्नल राजेश शर्मा का कोर्ट परिसर पहुंचने पर वकीलों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। संपर्क के दौरान राजेश शर्मा ने अधिवक्ताओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य बार काउंसिल में वकीलों के हितों की रक्षा करना और न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक सुगम बनाना है। पूर्व चेयरमैन सुभाष शर्मा ने अधिवक्ताओं से एकजुट होकर राजेश शर्मा को विजयी बनाने का आह्वान किया। इस दौरान काफी संख्या में स्थानीय अधिवक्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने चुनाव में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

## कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का एक्शन मोड : 2 हजार 400 से अधिक महिलाओं को किया जागरूक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर जयपुर पुलिस की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट लगातार सख्त कार्रवाई के साथ-साथ जागरूकता अभियान भी चला रही है। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए यूनिट ने सात असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया। वहीं बड़े स्तर पर जागरूकता और आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा शैक्षणिक संस्थानों, गर्ल्स हॉस्टल, पीजी, मॉल, पार्क और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार गश्त कर छेड़छाड़, स्टॉकिंग और अश्लील हरकतों पर प्रभावी रोकथाम की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा ने बताया कि कालिका पेट्रोलिंग टीम ने जवाहर सर्किल, बनी पार्क क्षेत्र और मुरलीपुरा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए सात मनचलों को गिरफ्तार कर संबंधित थानों में प्रकरण दर्ज किए गए। रानू शर्मा ने बताया कि सिर्फ कार्रवाई ही नहीं बल्कि महिलाओं को सशक्त बनाने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न स्कूल, कॉलेज, कॉलोनियों और सार्वजनिक परिवहन साधनों में जाकर 2 हजार 467 महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में 1 हजार 274 छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया, वहीं 355 महिलाओं को राजकॉप सिटीजन ऐप डाउनलोड करवाकर उसकी उपयोगिता समझाई गई। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा ने बताया कि महिलाएं और बालिकाएं किसी भी आपात स्थिति में निर्भया हेल्पलाइन नंबर पर तुरंत संपर्क कर सकती हैं। यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध है, जहां लिखित, मौखिक, ऑडियो या वीडियो माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की इस दोहरी रणनीति सख्त कार्रवाई और व्यापक जागरूकता से स्पष्ट है कि जयपुर पुलिस महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# कौशल एवं तकनीकी जागरूकता सत्र आयोजित



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस्ड टेक्नोलॉजी (आरकैट) द्वारा मांगीलाल बागड़ी राजकीय महाविद्यालय, नोखा में एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों एवं कौशल विकास के अवसरों से अवगत कराना था।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यवक्ता आरकैट, बीकानेर डिविजन मैन्टर दीपेश रामावत ने विद्यार्थियों को आरकैट कोर्स की उपयोगिता बताते हुए आगामी स्क्रीनिंग टेस्ट (छात्रवृत्ति परीक्षा) की जानकारी दी तथा उन्हें इन कोर्सों के माध्यम से अपने कौशल का विकास करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मुकेश शर्मा ने विद्यार्थियों को स्क्रीनिंग टेस्ट (छात्रवृत्ति परीक्षा) में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने के लिए कहा। महाविद्यालय में कम्प्यूटर संकाय के प्रभारी विशाल कुमार सगतानी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डिजिटल मार्केटिंग, सीआरएम टूल्स, बिजनेस एनालिटिक्स तथा डिजाइनिंग जैसे उन्नत क्षेत्रों पर विशेष जानकारी दी। विद्यार्थियों को आरकैट के विभिन्न कोर्सेज में पंजीकरण कर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. सुमन कविया, सुमित्रा देवल, दीपा भाटी, कादम्बरी व्यास, नरेन्द्र बैरवा, महावीर सिहाग, ममता शर्मा, लक्ष्मी, मनश्वेता राठौड़, महेन्द्र सिंह, मदन गोपाल, झिलमिल भाटी सहित अन्य संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# अपना घर आश्रम ने अपनों से मिलाया

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** अपना घर आश्रम नोखा में मानवता सेवा का एक अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला। प्रभुजी जसविंदर सिंह, जो पंजाब के जालंधर जिले के विश्रामपुर गांव के निवासी हैं, करीब 3 महीने पहले बिना मोबाइल और किसी संपर्क के अपने घर से कोलकाता के लिए निकल गए थे। लम्बे समय तक परिवार से संपर्क टूट जाने के कारण परिजन अत्यंत चिंतित थे। सूचना प्राप्त होते ही 30 मार्च को भंवर लाल के सहयोग से जसविंदर सिंह को रेस्क्यू कर अपना घर आश्रम नोखा लाया गया। आश्रम में आने के बाद जगमाल सिंह चारण द्वारा निरंतर काउंसलिंग और अथक प्रयासों के माध्यम से उनके परिवार से संपर्क स्थापित किया गया। जब उनके भाई भूपेंद्र सिंह से बात कर उन्हें बताया गया कि उनके भाई सुरक्षित हैं और अपना घर आश्रम नोखा में सेवा प्राप्त कर रहे हैं तो पूरे परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजन तुरंत आश्रम पहुंचे और अपने प्रियजन को सकुशल देखकर भावुक हो उठे। इस अवसर पर आश्रम के अध्यक्ष निर्मल गोलछा ने अत्यंत भावुक और प्रेरणादायक शब्दों में कहा अपना घर आश्रम केवल एक सेवा केंद्र नहीं बल्कि उन लोगों के लिए एक आशा की किरण है जो अपने परिवार से बिछड़ गए हैं। हमारा लक्ष्य केवल आश्रय देना नहीं बल्कि हर संभव प्रयास करके उन्हें उनके परिवार से पुन: मिलाना है। जब कोई प्रभुजन अपने घर लौटता है वही हमारे लिए सबसे बड़ी उपलब्धि और संतोष का क्षण होता है। उन्होंने आगे कहा मानवता की सच्ची सेवा वही है, जिसमें हम किसी जरूरतमंद को उसका अपना परिवार लौटा सकें। अपना घर आश्रम इसी भावना के साथ कार्य कर रहा है और आगे भी हम अधिक से अधिक बिछड़े हुए लोगों को उनके अपनों से मिलाने का प्रयास करते रहेंगे। इस प्रकार अपना घर आश्रम नोखा निरंतर पुनर्वास और मानव सेवा के क्षेत्र में एक मिसाल कायम कर रहा है, जहाँ हर दिन किसी न किसी की जिंदगी में खुशियों की नई शुरुआत होती है।

## बड़ा हादसा टला : तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर रेलिंग पर चढ़ी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के गांधी नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए रेलिंग पर चढ़ गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस के अनुसार घटना सुबह गांधी नगर मोड़ पर हुई। तेज गति से आ रही कार अचानक असंतुलित हो गई और डिवाइडर से टकराने के बाद करीब 4 फीट ऊंची रेलिंग पर चढ़ गई। घटना के समय सड़क पर यातायात का दबाव कम होने के कारण अन्य वाहन इसकी चपेट में नहीं आए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मुख्य मार्ग पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई। कार चालक ने तत्परता दिखाते हुए क्रेन की सहायता से वाहन को रेलिंग से नीचे उतरवाया। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारू कराया।

# जनरल सगत सिंह की मूर्ति अनावरण में सैकड़ों वाहन जाएंगे चूरू



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** चूरू जिला मुख्यालय पर 22 अप्रैल को जिला स्टेडियम में लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित होगा। कार्यक्रम में सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सहित प्रदेश के कई मंत्री, विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ का जन्मदिवस भी धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर चूरू कृषि उपज मंडी में भी विशेष आयोजन प्रस्तावित है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चूरू जिले में भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं और विभिन्न बैठकों व नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में पहुंचने का आह्वान किया जा रहा है। रतनगढ़ क्षेत्र में भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़ के नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। भागीरथ सिंह राठौड़ ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र से करीब 110 बसों के माध्यम से कार्यकर्ता चूरू पहुंचेंगे, वहीं सैकड़ों कार्यकर्ता निजी वाहनों से भी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के लिए भोजन, पानी व छाछ सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गई हैं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला प्रवक्ता गिरधारी सिंह राठौड़, संपतराम नायक, भगवान दास स्वामी, पर्वत सिंह, गिरवर सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आयुर्वेदिक चिकित्सक की नियुक्ति को लेकर ज्ञापन सौंपा



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा की जिला अस्पताल में आयुर्वेदिक चिकित्सक के अभाव में बंद पड़ी आयुर्वेद चिकित्सा सुविध शुरू करवाने को लेकर पेंशनर समाज ने केबिनेट मंत्री सुमित गोदारा को ज्ञापन दिया। इंद्रचंद मोदी ने बताया की ज्ञापन मे राजकीय अस्पताल नोखा में एक ही छत के नीचे विभिन्न पद्धतियों से उपचार योजना के तहत ऐलोपैथिक के साथ साथ आयुर्वेदिवा, होमियोपैथिक पद्धतियों से भी वर्षों से उपचार हो रहा था लेकिन यहां नेशनल हेल्थ स्कीम एनएचएम के तहत मुख्य जिला विकित्सा अधिकारी बीकानेर सी.एम.एच.ओ. के अधिनस्थ कार्यरत आयुर्वेदिक चिकित्सक के स्थाई परमानेंट हो कर सितम्बर 2023 में आयुर्वेद विभाग में चले जाने के बाद उनके स्थान पर किसी अन्य चिकित्सक की नहीं लगाये जाने से पिछले ढाई साल से राजस्थान पेंशनर समाज व सभी विभागों अधिकारियों, कार्मिको सहित आम रोगियों को आयुर्वेद पद्धति से इलाज का लाभ नहीं मिल पा रहा है। वृद्ध रोगियों को आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज लेने तथा आयुर्वेदिक दवाओं के लिए मजबूरी में नोखा शहर से बाहर नागौर रोड स्थित आयुर्वेद अस्पताल अथवा अन्य अस्पतालों की और रूख करना पड़ता है जिससे उनका सैकड़ों रूपये किराये में बर्बाद हो जाते है।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का भंडाफोड़

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी जयपुर के झोटवाड़ा थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम पश्चिम ने विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 50 पासपोर्ट, 32 मुहरें, मोबाइल फोन और हिसाब-किताब की डायरियां बरामद की हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। डीएसटी इंचार्ज गणेश सैनी के अनुसार झोटवाड़ा थाना क्षेत्र में स्थित शिवशंकर टावर अपार्टमेंट के एक फ्लैट में बदमाशों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इस पर टीम ने बुधवार देर रात फ्लैट पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान फ्लैट में छिपे कुचामन निवासी लोकेंद्र सिंह और विजयपाल सिंह, झुंझुनू निवासी लोकेश तथा रींगस निवासी गोगराज को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि मुख्य आरोपी लोकेंद्र सिंह डीडवाना के मकराना क्षेत्र का वांछित अपराधी है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी डायमंड वीजा सर्विस नाम से फर्जी फर्म चलाकर लोगों को विदेश में नौकरी दिलाने का लालच देते थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम और फेसबुक के जरिए लोगों से संपर्क कर उन्हें ड्राइवर, माली, मिस्त्री जैसे काम दिलाने का भरोसा दिलाया जाता था। इसके बाद वीजा और नौकरी के नाम पर लाखों रुपए ऐंठ लिए जाते थे। पुलिस ने फ्लैट की तलाशी में 50 पासपोर्ट, 32 फर्जी मुहरें, 3 मोबाइल फोन और लेनदेन से जुड़ी 5 डायरियां बरामद की हैं, जिनसे बड़े स्तर पर ठगी के नेटवर्क के संकेत मिले हैं।

# शहर की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु सौंपा ज्ञापन

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा शहर की विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान को लेकर भारतीय जनता पार्टी नोखा शहर के निर्वतमान मंडल अध्यक्ष डॉ महेन्द्र संचेती ने राजस्थान सरकार के माननीय कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शहर की प्रमुख समस्याओं को तत्काल प्रभाव से हल करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि गांधी चौक एवं कुम्हारों के चौक पर निजी बसों का अनियमित खड़ा होना दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है, जिसे हटाने या व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। इसके साथ ही शहर में अनियमित जल आपूर्ति व्यवस्था सुधारने, बिजली विभाग में पर्याप्त फॉल्ट टीम उपलब्ध कराने एवं शिकायत हेतु स्थानीय नंबर जारी करने की मांग की गई। अंडर ब्रिज के पास भारी ट्रैफिक एवं निजी बस स्टैंड के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, वहां नियमित ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था करने की मांग की गई। सदर बाजार में दुकानों के आगे तिक्रमण, पब्लिक पार्क के पास फास्ट फूड ठेलों से बिगड़ती यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने का भी आग्रह किया गया। ज्ञापन में नोखा के एकमात्र खेल स्टेडियम के विकास, कोर्ट भवन स्वीकृति, जिला अस्पताल से संबंधित लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा वर्तमान अस्पताल में पर्याप्त स्टाफ एवं उपकरण उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। साथ ही 350 हेक्टेयर गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर उसके विकास की आवश्यकता भी बताई गई। संचेती ने विश्वास व्यक्त किया कि मंत्री गोदारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर इन समस्याओं का शीघ्र समाधान कराएंगे, जिससे नोखा की जनता को राहत मिल सकेगी। नोखा शहर की समस्या बताते समय पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रधान कन्हैया लाल सियाग, डॉ महेन्द्र संचेती, नरेन्द्र चौहान, नरेन्द्र राजपुरोहित, सुनील पूनिया, मोडाराम सिंवर, पुखराज पंचारिया, दीनदयाल उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।



# भरत टोकसिया बने अध्यक्ष

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में आथुना बास में स्थित सेन मंदिर में सैलून संघ की बैठक आयोजित की गयी । जिसमें सर्व सहमति से भरत टोकसिया को सैलून संघ का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उनके अध्यक्ष बनने पर समाज के लोगों में खुशी की लहर देखने को मिली। सैन समाज के अध्यक्ष मानमल टोकसिया, चांदमल मारू, छत्रसिंह टोकसिया, कोषाध्यक्ष लालचंद मारू, पारस लीलड़िया, विकास मारू, विक्की एरामदेव लीलड़िया, रामगोपाल लीलड़िया, अमरचंद टोकसिया, प्रदीप टोकसिया, अशोक टोकसिया, पृथ्वीराज टोकसिया, देवकरण फुलभाटी, महेन्द टोकसिया, विनोद टोकसिया, नंदलाल, एडवोकेट करणी एरोहित मारू, पवन, शुभम लीलड़िया, डेडराज एकमल टोकसिया आदि ने माला पहनाकर स्वागत किया। भरत ने सैलून संघ के लिए तत्पर रहने की बात कहीं इस मौके पर सैन समाज के बंधु मौजूद रहे।

# डिजिटल जनगणना के नाम पर की जा रही है साइबर ठगी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** केंद्र सरकार द्वारा शुरू की जा रही डिजिटल जनगणना की आड़ में साइबर अपराधी सक्रिय हो गए हैं। आमजन को ठगी से बचाने के लिए अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम वीके सिंह के निर्देशानुसार साइबर क्राइम शाखा ने एक विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। साइबर अपराधी जनगणना अधिकारी बनकर संदिग्ध लिंक या फर्जी कॉल के जरिए लोगों के बैंक खातों में सेंध लगा सकते हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम वीके सिंह ने बताया कि अपराधी खुद को जनगणना अधिकारी बताकर फर्जी कॉल कर आपके परिवार की जानकारी, आधार और बैंक डिटेल्स मांगते हैं। वे ऐनी डेस्क या टीम वीवर जैसे स्क्रीन शेयरिंग ऐप डाउनलोड करवा कर आपके फोन का पूरा कंट्रोल ले लेते हैं और पल भर में बैंकिंग ऐप्स से पैसे उड़ा देते हैं। इसके अलावा कुछ मामलों में ठग घर आकर टैबलेट पर जानकारी भरने का नाटक करते हैं। वे सदस्यों की शिक्षा और सुविधाओं की जानकारी दर्ज करने के बहाने आपसे ओटीपी मांगते हैं, जो असल में आपके बैंक ट्रांजेक्शन का हो सकता है। इसके अलावा अपनी जनगणना अपडेट करें, वरना सरकारी सुविधा बंद हो जाएगी जैसे डरावने संदेशों के साथ एक लिंक भेजा जाता है। इस पर क्लिक करते ही आप साइबर ठगी का शिकार हो सकते हैं। उपमहानिरीक्षक पुलिस साइबर क्राइम शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा डिजिटल जनगणना के तहत स्व. गणनाद्धकी सुविधा दी गई है। इसके लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करें। सिंह ने बताया कि स्व गणना की अवधि 01 मई 2026 से 15 मई 2026 है, ध्यान रखें जनगणना पूरी तरह नि:शुल्क हैय किसी भी प्रकार की फीस या भुगतान नहीं लिया जाता। यदि कोई वेरिफिकेशन कोड या क्यूआर कोड के बहाने पैसे मांगे तो वह अपराधी है।

# राष्ट्रीय मंच पर चमकी सरदारशहर की हर्षिता गौड़

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** श्रीमती कमला देवी गौरीदत्त मित्तल महिला महाविद्यालय की छात्रा हर्षिता गौड़ ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित वूमेन यूथ मॉक पार्लियामेंट कार्यक्रम में सहभागिता कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के साथ ही उन्हें माय भारत इवेंट के तहत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नेशनल लेवल वर्चुअल डायलॉग में भाग लेने का अवसर भी मिला। युवा मंत्रालय द्वारा आयोजित माय भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न चरणों में आयोजित प्रतियोगिताओं के जरिए राजस्थान से 40 छात्राओं का चयन इस मॉक पार्लियामेंट के लिए किया गया था। इसमें 30 छात्राओं को मंत्री और 10 को सांसद की भूमिका दी गई। हर्षिता गौड़ ने गृहमंत्री के रूप में अपनी भूमिका निभाते हुए नारी शक्ति वंदन विषय पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। इसके अलावा हर्षिता ने माय भारत बजट क्विज 2026 में भी सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया। वहीं भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में राजवर्धन सिंह राठौड़ और दिया कुमारी ने भी युवाओं को प्रेरित किया। हर्षिता गौड़ की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मृत्युंजय कुमार पारीक सहित समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। हर्षिता की सफलता ने न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे सरदारशहर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

# गर्भवती महिला से छेड़छाड मामला

## हिस्ट्रीशीटर ने पुलिस से बचने के लिए डकैती केस मामले में एमपी कोर्ट में किया सरेंडर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मालवीय नगर थाना इलाके में गत 25 मार्च को राह चलती गर्भवती महिला से छेड़छाड़ करने वाले हिस्ट्रीशीटर ने राजस्थान पुलिस से बचने के लिए अपना हुलिया बदला और पुराने डकैती के मामले में मध्य प्रदेश कोर्ट में सरेंडर कर दिया। राजस्थान पुलिस आरोपी राहुल गुर्जर 33 को जल्द ही एमपी से प्रोटेक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर जयपुर लाएगी। पुलिस जांच में सामने आया है कि मध्य प्रदेश का हिस्ट्रीशीटर राहुल गुर्जर बिजौर निवासी इतना शातिर है कि जयपुर से फरार होने के बाद ग्वालियर और मुरैना में फरारी काटी और राजस्थान पुलिस के डर से उसने दाढ़ी और मूंछे कटवा ली । ताकी कोई उसे पहचान न पाए। जिसके बाद उसे जेल ही सबसे महफूज जगह दिखाई दी और उसने 15 अप्रैल की सुबह करीब 11 बजे वह गुपचुप तरीके से मुरैना कोर्ट में वर्ष-2018 के एक डकैती मामले में सरेंडर की अर्जी लगा दी। बताया जा रहा है कि आरोपी राहुल गुर्जर के खिलाफ हत्या का प्रयास, लूट एडकैती और मारपीट जैसे 17 मामले न्यायालय में विचाराधीन है। राहुल गुर्जर मुरैना डकैती मामले में सालभर पहले जमानत पर रिहा होने के बाद से ही फरार चल रहा था और कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा था।

गौरतलब है कि 25 मार्च को पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ जवाहर सर्किल थाने में छेड़छाड़ कि शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने मामले को गभीरता नहीं लिया। मामले की जानकारी सामने आने के बाद ड्यूटी ऑफिर महेश चंद और हेड कॉन्स्टेबल अंगदराम को निलंबित कर दिया गया।

# कुत्तों का आतंक, बकरी को नोचकर मार डाला

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** कॉमरेड की ढाणी तन बुगाला में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा घटना में कुत्तों के झुंड ने गुगनराम कालीरावणा के एक बकरी पर हमला कर उसे बुरी तरह नोच डाला, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। एक महीने पहले भी इनकी एक और बकरी को कुत्तों ने शिकार बनाया था। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। किसान नेता सुभाष बुगालिया व ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को सुबह कुत्तों का झुंड अचानक बकरी पर टूट पड़ा। जब तक लोग मौके पर पहुंचते, तब तक कुत्ते बकरी को गंभीर रूप से घायल कर चुके थे। पशुपालक को इससे आर्थिक नुकसान हुआ है। बुगालिया ने बताया कि ढाणी में कई दिनों से आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। यह आए दिन पशुओं पर हमला कर रहे हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। खासकर छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए जल्द ठोस कदम उठाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल में सम्मान समारोह आयोजित

निसं




**सरदारशहर ( नवयत्न )।** स्थानीय कैम्ब्रिज एजुकेशनल सिटी स्थित कैम्ब्रिज कॉन्वेंट स्कूल सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में एक बार फिर से तहसील टॉपर बनने पर आज उत्साह और गौरव का वातावरण देखने को मिला। सीबीएसई बोर्ड दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल में छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कैंब्रिज कॉन्वेंट स्कूल की डायरेक्टर दीक्षा चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत विद्या की देवी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से किया गया स्वागत रहा। विद्यालय के शिक्षकों और प्रबंधन समिति द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को राजस्थानी आन-बान और शान का प्रतीक साफा पहनाकर एवं तिलक लगाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल की तमन्ना चौधरी पुत्री रामकरण ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है।

तमन्ना का लक्ष्य भविष्य में डॉक्टर बनकर मानवता की सेवा करना है। गर्वित चौधरी पुत्र अशोक कुमार रेवाड़ ने 95.40 अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। गर्वित भविष्य में आईएएस ऑफिसर बनकर देश की प्रशासनिक व्यवस्था में योगदान देना चाहता हैं। हरिप्रिया जोशी पुत्री श्रीकांत जोशी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कैम्ब्रिज कॉन्वेंट स्कूल की सफलता केवल चंद टॉपर्स तक सीमित नहीं है बल्कि इस बार का सामूहिक परिणाम बेहद चौंकाने वाला और शानदार रहा है। कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल की सचिन सरोज चौधरी ने बताया कि विद्यालय के 50 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त किए हैं, जो यहाँ की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शिक्षकों के कड़े परिश्रम का प्रमाण है। तहसील स्तर पर प्रथम स्थान पर काबिज रहना यह दर्शाता है कि कैम्ब्रिज एजुकेशनल सिटी केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं बल्कि भविष्य के लीडर्स गढ़ने की एक सफलता की फैक्ट्री बन चुका है।

आधुनिक सुविधाओं, अनुशासित माहौल और बेहतरीन शैक्षणिक मार्गदर्शन के कारण ही सरदारशहर के अभिभावकों का भरोसा कैम्ब्रिज पर अडिग है। कार्यक्रम के पश्चात विद्यार्थियों ने जमकर नृत्य किया।

# मलेरिया क्रैश अभियान : 85 हजार घरों का सर्वे, 218 पात्रों को किया उपचारित

सपना शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग की ओर से मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे मलेरिया क्रैश अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। एक अप्रैल से शुरू हुए इस अभियान के तहत 14 अप्रैल तक स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने जिले के 85 हजार 8 घरों का सर्वे किया। इस दौरान 206 घरों में लार्वा पाए जाने पर स्वास्थ्य कर्मियों ने उपचारित किया। संयुक्त निदेशक डॉ यदुराज सिंह ने गुरूवार को स्वास्थ्य भवन में अभियान के तहत की गई गतिविधियों व प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने गत 14 दिन में की गई गतिविधियों का जायजा लिया और मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए पुख्ता प्रबंधन करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया को चिकित्सालयों में पर्याप्त में दवाइयां व संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने उनको बताया कि अभियान के तहत जिलेभर में एक हजार से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों के दल घर घर जाकर सर्वे कर रहे हैं। सर्वे के दौरान एंटी लार्वल, एंडी एडल्ट जैसी गतिविधियां की जा रही हैं। अभियान के तहत अब विभाग की टीमों ने जिले के 85 हजार 8 घरों में जाकर सर्वे किया है, इनके 1 लाख 49 हजार 710 पात्रों की जांच की गई। 206 घरों में लार्वा युक्त मिले 218 पात्रों को उपचारित किया गया है। संयुक्त निदेशक डॉ यदुराज सिंह ने जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विशाल सिंह से टीकाकरण, प्रसव, एएनसी रजिस्ट्रेशन आदि की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने विभाग के परिवार कल्याण, एनसीडी स्क्रीनिंग आदि की उपलब्धि का भी जायजा लिया। उन्होंने बढ़ते तापमान को देखते हुए जिले में मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बचाव व उपचार पर जोर दिया और पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीपीओ प्रकाश गहलोत, एपीडेमियोलॉजिस्ट डॉ अम्बिका प्रसाद जांगिड़, डीपीसी कमल गहलोत आदि मौजूद थे।

# कल सजेगी गुजरा हुआ जमाना की सुरमयी शाम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शास्त्रीय, लोक और समकालीन गायन की समृद्ध परंपरा के लिए देशभर में पहचान रखने वाला जयपुर एक बार फिर सुरों की खास महफिल गुजरा हुआ जमाना-आता नहीं दुबारा का साक्षी बनने जा रहा है। इसी संगीत विरासत को आगे बढ़ाते हुए 18 अप्रैल को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में शनिवार शाम 6:30 बजे यह संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जहाँ प्रवेश नि:शुक है। स्वर सुरभि के तत्वावधान में आयोजित और डॉ. प्रकाश छबलानी की परिकल्पना में तैयार इस खास संध्या में पुराने दौर की मधुर यादों और नए समय की ताजगी का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। 90 के दशक से पहले के सदाबहार सुपरहिट फिल्मी गीतों के साथ-साथ नए दौर के लोकप्रिय और दिलकश गीतों की प्रस्तुति भी दी जाएगी। यह संगीत प्रेमियों को एक ही मंच पर दो अलग-अलग युगों की सुरमयी यात्रा का अनुभव कराएगा। शहर के प्रतिष्ठित गायक-गायिकाएं-प्रो. डॉ. सुमन यादव, संजय रायजादा, सुमंत मुखर्जी, ममता झा, सोनिया बिरला, सुप्रिया केसवानी, के.के. एंड रजनी ठाकुर, विक्रम सिंह, सुनील शर्मा, यशवर्धन सिंह, गरिमा वर्मा और डॉ. बबीता-अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। आयोजकों के अनुसार, यह संगीतमय शाम केवल गीतों का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जयपुर की जीवंत संगीत परंपरा का उत्सव होगा, जहां पुरानी यादों की मिठास और नए दौर की ऊर्जा एक साथ महसूस की जा सकेगी।

# शुकदेव महाराज का जयंती महोत्सव आज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सुभाष चौक दरीबा पान स्थित आचार्य पीठ श्री सरस निकुंज में आचार्य शुकदेव जी महाराज का जयंती महोत्सव 17 अप्रैल को मंगल महोत्सव समाज के रूप में मनाया जाएगा। शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सान्निध्य में दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक बधाईगान, नृत्य और प्रवचन के कार्यक्रम होंगे। रात्रि आठ से अगले दिन सुबह पांच बजे तक महोत्सव समाज, वाणी पाठ, बधाई गायन, नृत्य, आचार्य विनय के कार्यक्रम होंगे। श्री सरस परिकर के प्रवक्ता प्रवीण बड़े भैया ने बताया कि यहां चल रही श्रीमद्भागवत कथा का गुरुवार को विश्राम हुआ। शुक संप्रदाय पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज के सानिध्य में व्यासपीठ से मदन मोहन दास महाराज ने सुदामा चरित्र, कलियुग वर्णन, नव योगेश्वर संवाद, भागवत सार, परीक्षित मोक्ष की कथा का श्रवण कराया। मदन मोहन दास महाराज ने कहा कि कलियुग में भगवान का नाम कीर्तन ही भवसागर से पार होने का एकमात्र सहारा है। इसलिए प्रतिदिन परिवार के सभी लोग मिलकर भगवन नाम का कीर्तन करें। कथा के विश्राम के बाद मदन मोहन दास महाराज को विदाई दी गई।

# परशुराम जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम शुरू




निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** आराध्य चिरंजीवी भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के तहत पहले दिन गुरूवार को शाम 7 बजे चौपड़ बाजार श्रीमाधोपुर में शंखनाद एवं दीपदान से तीन दिवसीय कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रवक्ता सोनू गोठवाल ने बताया कि शनिवार 18 अप्रैल को शाम 5 से 7 बजे तक परशुराम सभागार में विप्र समाज विचार गोष्ठी का आयोजन होगा तत्पश्चात हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम रविवार 19 अप्रैल को होगा जिसमें प्रात: 5 बजे प्रभात फेरी, 8 बजे तीजा वाला जोहड़ा में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना, 10 बजे हवन पूजन तथा शाम 3:30 बजे परशुराम सभागार से भगवान श्री परशुराम की शोभायात्रा निकलेगी जो शाम 7 बजे रघुनाथ जी मंदिर के सामने महा आरती के बाद समाप्त होगी। गोठवाल ने सभी विप्र जनों से कार्यक्रमों में भाग लेने का आग्रह किया है।

# सूरज पब्लिक स्कूल का शानदार परिणाम

निसं



**सरदारशहर ( नवयत्न )।** शिक्षा के क्षेत्र में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सूरज पब्लिक स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में शानदार परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने मेहनत, अनुशासन और समर्पण के दम पर बेहतरीन अंक प्राप्त कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस वर्ष परीक्षा परिणाम में प्रज्वल सोनी ने 95.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रिया अग्रवाल ने 94.80 और प्रियंशी सैनी ने 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमश: द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्रेम जांगिड़ और उमा लखानी ने 92.80, दिव्यांशी ने 92.40 तथा नव्या केशवानी और तेजस ने 91.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अन्य विद्यार्थियों में दर्शिका और कार्तिक सैनी 89.60, स्नेहा सोनी 89, राघवेंद्र 87.80, शिवानी पुरोहित 86.60, शशी कंवर 86, प्रांशु 85.60 और दिव्या शर्मा 85.20 ने भी अच्छे अंक हासिल किए। इस दौरान विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का सम्मान किया गया। स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। स्कूल प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस दौरान विद्यालय परिवार की शीनम मैम, शरद, शिव सर, रजत सर, विकास सर, अनुपमा चिंडालिया आदि मौजूद रहे।

# म्युल हंटर अभियान के तहत तीन को किया गिरफ्तार

निसं

**रतनगढ (नवयत्न)।** रतनगढ़ क्षेत्र में साइबर अपराधों की मिल रही शिकायतों पर पुलिस ने म्युल हंटर अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। सीआई गौरव खिड़िया ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों युवक सोशल मीडिया पर पूजा पाठ, तांत्रिक क्रियाएं, प्राचीन विद्याएं, विशिष्ट ऊर्जा, सुरक्षा व मनोकामना पूर्ति यंत्र, मंत्र व तंत्र आदि विद्याओं में लोगों को विश्वास में लेकर अनुष्ठान आदि की सामग्री के नाम पर लोगों से ऑनलाइन रुपए डलवा लेते हैं तथा बाद में कार्य में और अधिक धन राशि लगने का हवाला देकर उनका काम टाल देते हैं और आमजन इनके झांसे में फंस जाते हैं। पुलिस को मिली शिकायत पर क्षेत्र के नरेंद्र, विमल कुमार एवं बंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# 1.25 करोड़ से ठाकुरजी मंदिर का नवनिर्माण पूर्ण, 23 को प्राण प्रतिष्ठा



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर के निकटवर्ती बंडवा गांव में ग्रामीणों व भामाशाहों के सहयोग से प्राचीन ठाकुरजी मंदिर का भव्य नवनिर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। राधा कृष्ण एवं शिव भक्त मंडल सेवा संस्थान के तत्वावधान में करीब 1.25 करोड़ रुपए की लागत से बने इस मंदिर में 23 अप्रैल को विधिवत प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित होगा। संस्थान अध्यक्ष करणीसिंह ने बताया कि आचार्य पं. आनंदकुमार सारस्वत व गिरधारीलाल दायमा के सान्निध्य में सात पंडितों द्वारा बुधवार को गणेश पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो चुके हैं। इस दौरान ठाकुरजी महाराज सहित शिव परिवार की मूर्तियों की स्थापना भी की जाएगी। गांव में आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है और तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं में कन्हैयालाल दाधीच, हड़मान सुथार, कृष्णगोपाल दाधीच, रामेश्वर सुथार, गंगाराम जाट, केशरीसिंह राठौड़, आसूराम जाट, जीवाराम नाई, प्रेमसिंह राठौड़, देबूराम ढाका सहित अनेक ग्रामीण सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। मंदिर परिसर 100 गुणा 50 फीट क्षेत्र में विकसित किया गया है, जिसमें मुख्य मंदिर के साथ एक विशाल हॉल व चारदीवारी शामिल है। मंदिर का फर्श सड़क स्तर से करीब 6 फीट ऊंचा रखा गया है, जबकि अंदरूनी ऊंचाई 13 फीट है। 41 फीट ऊंचा गुंबद मंदिर की भव्यता को और आकर्षक बनाता है। मंदिर के अंदर टाइल्स व मार्बल तथा बाहरी हिस्से में जोधपुर के पत्थर लगाए गए हैं। परिसर में सत्संग भवन सहित अन्य निर्माण कार्य भी किए गए हैं। 125 साल पुरानी आस्था को मिला नया स्वरूप करीब 125 वर्ष पुराने इस ठाकुरजी मंदिर का गांव में विशेष धार्मिक महत्व रहा है। मंदिर के जीर्णोद्धार का निर्णय गांव के बुजुर्गों की बैठक में लिया गया था। इसके बाद गांव के इंजीनियर प्रेमसिंह ने मंदिर का नक्शा तैयार कर सहयोग दिया। पूर्व सरपंच करणीसिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों व भामाशाहों के सहयोग से 14 अप्रैल को भूमि पूजन के साथ निर्माण कार्य शुरू किया गयाए जो लगभग एक वर्ष में पूर्ण हो गया।

# ग्राम पंचायत अलायला में जनसुनवाई आयोजित

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** उपखंड अधिकारी तारानगर की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत अलायला में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण जन की पेयजल बिजली जन आधार राशन कार्ड राजस्व एवं पंचायती राज से संबंधित कार्यों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने आगामी ग्रीष्मकाल हेतु पेयजल की आपूर्ति समुचित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। जहां पानी की आपूर्ति समय पर नहीं होती हो इसके लिए कंट्रोल रूम बनाकर टैंकरों से पानी की सप्लाई करवाने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उपखंड अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि आगामी दिनों में दिनांक 17 अप्रैल को ग्राम पंचायत भालेरी, 20 अप्रैल को ग्राम पंचायत आनंदसिंहपूरा एवं 21 अप्रैल को ग्राम पंचायत भनीन में जनसुनवाई एवं रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को अपनी समस्याएं जनसुनवाई में रखनी चाहिए जिससे उनका समाधान किया जा सके। जनसुनवाई में प्रशासक धर्मवीर सिंह राठौड़, तहसीलदार हनुमान सिंह, विकास अधिकारी अशोक कुमार, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बबलेश शर्मा, पी एच ई डी सहायक अभियंता रितु कुमारी सहित समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# नरम पड़ते ट्रंप



ईरान से दोबारा शांति वार्ता शुरू करने के संकेतों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस तरह चीन और साथ ही अन्य सभी के लिए होर्मुज समुद्री मार्ग खोलने की बात कही, उससे यही पता चलता है कि आखिरकार वे इस नतीजे पर पहुंचने के लिए विवश हो रहे हैं कि युद्ध से किसी समस्या का समाधान नहीं होने वाला। शायद यही कारण है कि उनकी ओर से यह भी कहा गया कि युद्ध जल्द खत्म हो सकता है। चूंकि ईरान भी कह रहा है कि हम भी युद्ध के पक्ष में नहीं, इसलिए यह कहा जा सकता है कि युद्धविराम जारी रहेगा और दोनों पक्ष उसे स्थायी रूप देने के उपाय करेंगे। अच्छा होता कि ट्रंप को ईरान पर हमले की निरर्थकता तभी समझ आ जाती, जब उन्होंने इजरायल के साथ मिलकर उस पर तब हमला करने का निर्णय लिया, जब उससे वार्ता जारी थी।

एक तरह से ट्रंप वहीं खड़े दिखने लगे हैं, जहां 28 फरवरी को यानी ईरान पर हमला करने के पहले थे। उन्होंने जिस तरह चीन के इस आश्वासन पर होर्मुज खोलने की बात की कि वह ईरान को हथियार नहीं देगा, उससे यही प्रकट होता है कि वह किसी तरह अपने कदम पीछे खींचने की राह तलाश रहे थे। चीन के आश्वासन ने उनकी यह तलाश पूरी तो कर दी, लेकिन सब जानते हैं कि वह करीब 40 दिनों तक चले युद्ध में ईरान की हरसंभव तरीके से सहायता कर रहा था। पश्चिमी मीडिया माध्यम ही यह बता रहे हैं कि ईरान ने किस तरह चीन के जासूसी सैटेलाइट के सहारे खाड़ी देशों में अमेरिकी अड्डों को निशाना बनाया। ईरान और चीन की प्रगाढ़ता किसी से छिपी नहीं। अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद चीन ईरान से तेल खरीद रहा था। इसी कारण जब ट्रंप ने होर्मुज की नाकाबंदी करने की घोषणा की तो उसने अपनी सख्त आपत्ति जताई। ईरान के चीन के साथ-साथ रूस से भी खास रिश्ते हैं और यह किसी से छिपा नहीं कि ये तीनों देश अमेरिकी प्रभुत्व स्वीकार करने को तैयार नहीं और वे उसे चुनौती देते ही रहते हैं। यह एक तथ्य है कि ट्रंप तमाम कोशिशों के बाद भी रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त नहीं करा सके और टैरिफ मामले में उन्हें चीन के समक्ष झुकना पड़ा। ईरान ने भी उनके प्रतिबंधों की परवाह नहीं की।

इस पर हैरानी नहीं कि ट्रंप चीन जाने को तैयार हैं और यह अपेक्षा कर रहे हैं कि वहां के राष्ट्रपति उन्हें गले लगाएंगे। फिलहाल यह कहना कठिन है कि अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली दूसरे दौर की वार्ता किसी ठोस नतीजे पर पहुंचेगी या नहीं, लेकिन यदि दोनों ही पक्ष तबाही से बचना चाहते हैं तो फिर उन्हें अपने अड़ियल रवैये का परित्याग करना होगा। जैसे ईरान को समझना होगा कि वह अपनी ही नहीं चला सकता, वैसे ही अमेरिका को भी इस कटु सत्य को हजम करना होगा कि अब वह विश्व को अपने हिसाब से संचालित नहीं कर सकता।

## विशेष आलेख

# केवल बड़ा बाजार बनना पर्याप्त नहीं



दुनिया इस समय एक अजीब दौर से गुजर रही है। कहीं युद्ध चल रहे हैं, कहीं युद्ध की तैयारी है और कहीं बिना युद्ध के भी सब कुछ प्रभावित हो रहा है। पहले ऐसा माना जाता था कि अगर बाजार खुला रहेगा तो अर्थव्यवस्था चलती रहेगी। हालांकि अब यह भरोसा कमजोर पड़ रहा है, क्योंकि आज का संकट केवल व्यापार का नहीं है, बल्कि सप्लाई, सुरक्षा और भरोसे का भी है। ऐसे समय में भारत को यह समझना होगा कि वह सिर्फ एक बड़ा बाजार बनकर आगे नहीं बढ़ सकता। तब तो और नहीं जब बाजार एक ताकत के कब्जे में रहे। इससे अर्थव्यवस्था कभी भी डगमगा सकती है। भारत केवल एक बड़ा उपभोक्ता देश बनता जा रहा है। हमारे पास युवा आबादी है, तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था है और दुनिया की बड़ी कंपनियों के लिए एक बड़ा बाजार है, लेकिन क्या केवल उपभोक्ता बनकर कोई देश मजबूत बन सकता है? अगर उत्पादन, तकनीक, ऊर्जा और अन्य जरूरी संसाधनों के मामले में हमारी बाहरी निर्भरता बनी रहेगी तो थोड़ी सी वैश्विक हलचल भी हमें हिला सकती है और इसका उदाहरण आज हमारे सामने है।

युद्धों का सबसे पहले असर ऊर्जा पर पड़ता है। तेल और गैस की कीमतें बढ़ती हैं। सप्लाई में रुकावट आती है। इसका प्रभाव आम आदमी की जेब पर पड़ता है, लेकिन संकट यहीं खत्म नहीं होता। एक और बड़ा खतरा है डिजिटल ढांचे का। आज हमारी जिंदगी का बड़ा हिस्सा इंटरनेट, डाटा और क्लाउड पर टिका है। बैंकिंग से लेकर सरकारी सेवाएं, पढ़ाई से लेकर व्यापार सब कुछ डिजिटल हो चुका है। ऐसे में अगर युद्ध के कारण डाटा सेंटर प्रभावित होते हैं, इंटरनेट के रास्ते बाधित होते हैं या साइबर हमले बढ़ते हैं, तो पूरी व्यवस्था ठप हो सकती है। स्वास्थ्य सेवाएं भी इससे अछूती नहीं हैं। हम अक्सर सोचते हैं कि अस्पताल केवल डाक्टर और दवाओं से चलते हैं, लेकिन सच यह है कि वे वैश्विक सप्लाई चेन पर निर्भर होते हैं।

उदाहरण के लिए एमआरआइ मशीन में इस्तेमाल होने वाली हीलियम गैस एक ऐसी विशेष गैस है, जो मशीन को सही तापमान पर काम करने में मदद करती है। भारत अपनी हीलियम जरूरत का बड़ा हिस्सा कतर से आयात करता है। यह देश दुनिया के बड़े हीलियम उत्पादकों में से एक है। अगर युद्ध के कारण वहां से उसकी सप्लाई बाधित होती है तो इसका असर सीधे हमारे अस्पतालों पर पड़ेगा। जांच में देरी के साथ इलाज महंगा हो सकता है और कई जगहों पर सेवाएं बाधित हो सकती हैं। इसका मतलब यह है कि युद्ध का असर आम नागरिक के इलाज तक पर पड़ता है। यही वह स्थिति है जो हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि विकास का मतलब केवल बाजार नहीं हो सकता।

बाजार जरूरी है, पर वह सब कुछ नहीं कर सकता। बाजार वहां जाता है, जहां फायदा होता है, लेकिन देश को उन जगहों पर भी काम करना पड़ता है, जहां फायदा तुरंत नहीं दिखता, मगर उन क्षेत्रों की महत्ता कम नहीं। जैसे बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा और रिसर्च। अगर इन क्षेत्रों को पूरी तरह बाजार के भरोसे छोड़ दिया जाए, तो असमानता बढ़ेगी और देश कमजोर पड़ेगा। इसी कारण जवाहरलाल नेहरू ने समझा था कि एक नए देश को खुद को मजबूत बनाने के लिए सरकार की भूमिका जरूरी है। उन्होंने उद्योग, बिजली, वैज्ञानिक संस्थान और सार्वजनिक क्षेत्र पर जोर दिया ताकि देश अपने पैरों पर खड़ा हो सके। उनका उद्देश्य केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाना था, जो संकट के समय भी टिक सके।

बाहरी दुनिया के साथ तालमेल की कड़ी मानी जाने वाली विदेश नीति में भी आज असंतुलन दिखता है। एक ओर हम स्वतंत्र निर्णय की बात करते हैं, लेकिन कई बार व्यवहार में झुकाव अधिक स्पष्ट दिखता है। पश्चिमी देशों के साथ बढ़ती नजदीकी जरूरी हो सकती है, पर अगर संतुलन बिगड़ता है, तो हमारे पारंपरिक संबंध कमजोर हो सकते हैं। विदेश नीति की ताकत इसी में होती है कि वह सभी पक्षों से संबंध बनाए रखे। असंतुलन यह भी है कि विदेश नीति और आर्थिक नीति के बीच हमेशा स्पष्ट तालमेल नहीं दिखता। हम वैश्विक मंचों पर स्वतंत्र रुख की बात करते हैं, लेकिन व्यापार और तकनीक के मामलों में कुछ खास देशों पर निर्भरता बढ़ती जा रही है। यह स्थिति भविष्य में जोखिम पैदा कर सकती है, खासकर तब जब दुनिया पहले से ही अनिश्चितता से भरी हो। एक मजबूत विदेश नीति वही होती है, जो हर परिस्थिति में देश के हितों की रक्षा करे और किसी एक दिशा पर अत्यधिक निर्भरता से बचे।

आज दुनिया कई खेमों में बंटी हुई है। बड़े देश अपने हिसाब से फैसले ले रहे हैं। ऐसे में भारत को सावधानी से चलना होगा। हमें सभी से संबंध रखने हैं, लेकिन किसी एक पर पूरी तरह निर्भर नहीं होना है। यह संतुलन हमारी ताकत हो सकता है। आज आत्मनिर्भरता का मतलब केवल कारखाने लगाना नहीं है। इसका अर्थ है कि हम जरूरी चीजों के लिए पूरी तरह विदेश पर निर्भर न रहें। हमें ऊर्जा के अलग-अलग स्रोत चाहिए, डिजिटल ढांचा अपने नियंत्रण में चाहिए, जरूरी दवाएं और मेडिकल उपकरण देश में बनें। हमें तकनीक में भी क्षमताएं बढ़ानी होंगी।

यह सब बाजार अपने आप नहीं करेगा। इसके लिए नीति, निवेश और योजना की जरूरत होती है। इस राह में एक चुनौती यह भी है कि विकास की चाह में अपनी सुरक्षा और स्वतंत्रता को कमजोर न होने दें। अगर हम केवल बाजार पर भरोसा करेंगे, तो शायद कुछ समय के लिए तेजी दिखेगी, लेकिन लंबे समय में जोखिम बढ़ जाएगा।

अब विकास का मतलब केवल ज्यादा खरीदना और बेचना नहीं है। इसका मतलब है अपने देश को हर तरह के संकट के लिए तैयार करना। ऊर्जा हो, डाटा हो या स्वास्थ्य सेवाएं, हर क्षेत्र में हमें मजबूत बनना होगा। भारत के लिए सही रास्ता वही है, जिसमें बाजार की ताकत भी हो और राज्य की समझ भी। जहां निजी क्षेत्र आगे बढ़े, लेकिन राष्ट्रीय हित भी पीछे न छूटें। जहां दुनिया से जुड़ाव हो, लेकिन आत्मनिर्भरता भी बनी रहे। अगर हम यह संतुलन बना पाए, तो भारत केवल एक बड़ा बाजार नहीं रहेगा, बल्कि एक मजबूत और आत्मविश्वासी राष्ट्र बनकर भी उभरेगा।

## आज का राशिफल

**मेष**
कार्य पर ध्यान दें। कोई राजकीय बाधा हो सकती है। जल्दबाजी में कोई भी गलत कार्य न करें। विवाद से बचें। काफी समय से अटका हुआ पैसा मिलने का योग है, प्रयास करें।

**वृष**
शारीरिक कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। नई योजना बनेगी। लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काफी समय से अटके काम पूरे होने के योग हैं।

**मिथुन**
विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। परिवार व मित्रों के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

**कर्क**
भागदौड़ रहेगी। बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। पुराना रोग उभर सकता है। व्यापार में अधिक ध्यान देना पड़ेगा। जोखिम न उठाएं। कष्ट, भय, चिंता व तनाव का वातावरण बन सकता है।

**सिंह**
निवेश शुभ रहेगा। तीर्थयात्रा की योजना बन सकती है। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। बजट बिगड़ेगा। दूर से शोक समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

**कन्या**
स्थायी संपति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि तथा उन्नति मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। यात्रा की योजना बनेगी। घर-बाहर कुछ तनाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला**
भरपूर प्रयास करें। आय में मनोनुकूल वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है।

**वृश्चिक**
मित्रों से मेलजोल बढ़ेगा। नए संपर्क बन सकते हैं। धनार्जन होगा। तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने की योजना बनेगी।

**धनु**
जीवनसाथी पर अधिक मेहरबान होंगे। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में अनुकूलता रहेगी। लाभ में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यय होगा।

**मकर**
संतान पक्ष से आरोग्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। हानि संभव है। भाइयों का साथ मिलेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**कुंभ**
पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी।

**मीन**
दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। व्यापार में लाभ होगा। निवेश शुभ रहेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# यह संकेत बताते हैं आपकी मेमोरी को है देखभाल की जरूरत

कहते हैं कि आप अपने दिमाग को जितना एक्टिव रखेंगे, वह उतना ही सक्रिय रहेगा और आपक कामकाज उतना ही आसान होता चला जाएग। इसके उलट, आप अपने दिमाग को जितना आराम देंगे, वह उतना ही निष्क्रिय हो जाएगा। इसलिए, ब्रेन एक्सरसाइज अक्सर करते रहनी चाहिए ताकि बुढ़ापे तक आपकी याददाश्त दुरुस्त रहे। हालांकि, कभी उम्र की वजह से, तो कभी जीवनशैली के कारण याददाश्त कमजोर होने लगती है। सवाल है, इसका कैसे पता चले कि याददाश्त कमजोर हो गई है। बहुत आसान है।



### बिहेवियर में बदलाव

जिन लोगों की याददाश्त कमजोर होने लगती है, वे अक्सर चिड़चिड़े हो जाते हैं और उनके बिहेवियर में बदलाव होने लगते हैं। यही नहीं, याददाश्त कमजोर होने पर व्यक्ति दूसरों के साथ बातचीत करते हुए बार-बार उखड़ जाता है और आसानी से दूसरों की बातों को बर्दाश्त नहीं कर पाता। इसके अलावा, उसके मन में यह बातें भी आने लगती हैं कि आखिर लोग उनकी बातों को समझते क्यों नहीं हैं।

### घर के कामकाज न कर पाना

जब लोगों की याददाश्त कमजोर होने लगती है, तो उन्हें घर कामकाज करने में परेशानी महसूस होने लगती है। दरअसल, वे घर की छोटी-छोटी चीजें भूल जाते हैं, जैसे कोई सामान कहां रखा हैं। इनमें बिजली का बिल भरना भूलना या फिर फ्रिज में सब्जी रखकर भूल जाना।

### अक्सर कंफ्यूज रहना

जिन लोगों की याददाश्त कमजोर होने लगती है, वे अक्सर कंफ्यूजन की स्थिति में रहते हैं। वे कई बार सही-गलत की सिचुएशन को जज नहीं कर पाते और खुद को किसी तरह के जोखिम में डाल देते हैं। कई बार याददाश्त कमजोर होने के कारण व्यक्ति कई महत्वपूर्ण टास्क करना भी भूल जाता है।

### अच्छे इवेंट याद न रहना

कई बार पुरानी चीजें हम भूल जाते हैं। लेकिन, खास दिन लगभग सबको याद रहते हैं। अगर व्यक्ति अपने विशेष दिन को याद नहीं कर पा रहा है या फिर याद करने में दिक्कत हो रही है, तो यह याददाश्त के कमजोर होने की निशानी ही है।

### रास्ते भटक जाना

कोई व्यक्ति जब उन्हीं गलियों या रास्तों को पूरी तरह भूलने लगता है, जहां वह सालों से आना-जाना कर रहा है, तो यह भी याददाश्ते के कमजोर होने की निशानी है। यही नहीं, जब व्यक्ति घर से किसी एक जगह जाने के लिए निकलता है और बीच रास्ते में पहुंचते-पहुंचते यह भूल जाता है कि उसे कहां जाना है, तो इस स्थिति में भी यह समझ लेना चाहिए कि याददाश्त कमजोर हो रही है।

### याददाश्त को बेहतर कैसे बनाएं

अगर युवावस्था में इस तरह की कंडीशन आपके सामने आए, तो बेहतर होगा कि स्ट्रेस का स्तर कम करें और एक्सपर्ट से मिलकर अपना ट्रीटमेंट करवाएं। इसके अलावा, जब भी असुरक्षित महसूस हो, हर समय अपने करीबियों के आसपास रहें। कभी भी घर से अकेले न निकलें और जो भी करें, उस संबंध में अपने रिश्तेदार या दोस्तों को जरूर बताएं। आपको बता दें कि यहां बताए गए सभी संकेत डिमेंशिया के भी हो सकते हैं या किसी अन्य मेंटल हेल्थ कंडीशन के भी हो सकते हैं। इन्हें इग्नोर न करें।

# 40 की उम्र के बाद डाइट में शामिल करें ये एंटी-एजिंग फल, हमेशा दिखेंगे जवां

समय के साथ उम्र का बढ़ना एक सामान्य प्रक्रिया है। इस दौरान आपको आहार में पौष्टिक चीजों का सेवन करना चाहिए। इससे आप शरीर की आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं। साथ ही समय से पहले आने वाले एजिंग के लक्षणों को भी कम कर सकते हैं। आहार में पौष्टिक चीजों को शामिल करने से स्किन की समस्या को दूर करने और झुर्रियों व झाइयों को कम करने में मदद मिलती है। इसके अलावा, लाइफस्टाइल में एक्सरसाइज और योग को शामिल करने से आप शरीर को लंबे समय तक फिट और स्वस्थ बना सकते हैं। फलो में विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो बढ़ती उम्र के संकेतों को कम करने में सहायक होते हैं।



### अनार

अनार न केवल स्वादिष्ट फल है, बल्कि यह एंटी-एजिंग गुणों से भी भरपूर होता है। इसमें पाए जाने वाले पॉलीफेनोल्स और एलेगिक एसिड में एंटीऑक्सिडेंट गुण होते हैं, जो फ्री रेडिकल्स से होने वाले डैमेज से स्किन को बचाने का काम करते हैं। अनार में ऐसे में कई पोषक तत्व होते हैं, जो कोलेजन के बूस्ट कर, स्किन की इलास्टिसिटी को बेहतर करते हैं। इससे फाइन लाइन्स और झुर्रियां दूर होती है। इसके अलावा, इसमें पाए जाने वाला विटामिन सी स्किन के रंग को एक समान बनाता है।

### सेब

सेब में कई पोषण तत्व पाए जाते हैं। इसमें विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो त्वचा की झुर्रियों को कम करने में सहायक होते हैं। साथ ही, त्वचा के डेड सेल्स को दोबारा रिपेयर करने में सहायक होते हैं।

### जामुन

जामुन अन्य फलों की तरह एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन से भरपूर होते हैं, जो स्किन को हेल्दी बनाने में मदद करते हैं। इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो कोलेजन को बूस्ट करता है। इससे स्किन में होने वाली समस्याएं दूर होती है। जामुन में एंथोसायनिन भी होता है, जो ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करता है और स्किन को चमकदार बनाता है। इसके नियमत सेवन से आप युवा और जवां दिखती हैं।

### एवोकाडो

एवोकाडो त्वचा को पोषण देने में मदद करते हैं। इसे त्वचा हाइड्रेटेड रहती हैं। एवोकाडो में विटामिन ई सहित एंटीऑक्सिडेंट होते हैं, जो त्वचा को सूरज के संपर्क और पर्यावरण प्रदूषण से होने वाले नुकसान से बचाने में मदद करती है। एवोकाडो को अपने आहार में शामिल करने से स्किन में निखार आता है और एजिंग के लक्षण कम होते हैं।

# दोमुंहे बालों की समस्या को दूर करेगा भृंगराज और एलोवेरा का मिश्रण

बालों को स्किन की तरह ही देखभाल की आवश्यकता है। तेज धूप की वजह से बालों में पसीना आने लगता है। पसीना के कारण सिर की स्कैल्प पर कई तरह की समस्याएं शुरू हो जाती है। इन समस्याओं को दूर करने के लिए बाजार में कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट मौजूद हैं। लेकिन इनके केमिकल बालों को डैमेज करने का ही काम करते हैं। बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए आप भृंगराज और एलोवेरा का उपयोग कर सकते हैं। इस लेख में हेयर केयर एक्सपर्ट रिया वशिष्ट से जानते हैं दोमुंहे बालों की समस्या को दूर करने के लिए भृंगराज और एलोवेरा किस तरह से फायदेमंद होता है और आप इसका उपयोग कैसे करे सकते हैं।

**पोषक तत्वों से भरपूर :** भृंगराज और एलोवेरा पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो आपके बालों को पोषण प्रदान करने में सहायक होता है। इसमें आयरन, कैल्शियम, मैग्नशियम, विटामिन डी और विटामिन ई पाया जाता है। यह सभी पोषक तत्व बालों की जड़ों को पोषण प्रदान कर आपको दोमुंहे बालों की समस्या से मुक्ति देते हैं।

**स्कैल्प को मॉइस्चराइज करें :** भृंगराज और एलोवेरा में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो आपकी स्कैल्प को बैक्टीरिया फ्री बनाने में सहायक होता है। इसके साथ ही, भृंगराज और एलोवेरा आपकी स्कैल्प को मॉइस्चराइज कर बालों के रुखेपन के दूर करता हैं।

**ब्लड सर्कुलेशन को करें बेहतर :** सिर की स्कैल्प पर ऑक्सीजन न पहुंचने की वजह से बालों में कई तरह की समस्याएं शुरु हो जाती है।

जब आप भृंगराज और एलोवेरा का उपयोग करते हैं, तो इससे सिर की स्कैल्प का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और आपके बाल तेजी से बढ़ने लगते हैं।

# सप्त शक्ति कमांड में रेलाइन्स रिड्रॉन-ऑपरेशन सिंदूर और भारत का नया सामान्य नामक पुस्तक पर चर्चा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सप्त शक्ति कमांड के तत्वावधान में ज्ञान शक्ति थिंक टैंक जीएसटीटी दने 15 अप्रैल 2026 को जयपुर मिलिट्री स्टेशन में प्रेडलाइन्स रिड्रॉन-ऑपरेशन सिंदूर और भारत का नया सामान्य नामक पुस्तक पर एक ज्ञानवर्धक चर्चा का आयोजन किया। जयपुर के सेवारत और सेवानिवृत्त रक्षा अधिकारी, अकादमिक विशेषज्ञ, प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटीज और स्कूल के छात्र बड़ी संख्या में इस चर्चा में शामिल हुए। इस चर्चा में पुस्तक के चार लेखकों में से तीन, मेजर जनरल डॉ. बिपिन बख्शी, एवीएसएमए वीएसएम सेवानिवृत्त, पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत और ब्रिगेडियर अखिलेश भार्गव सेवानिवृत्त शामिल थे, जिन्होंने विषय पर अपने विचार साझा किए। जन संपर्क अधिकारी रक्षा जयपुर राजस्थान ले कर्नल निखिल धवन के अनुसार लेखकों ने 88 घंटे के ऑपरेशन सिंदूर और भारत की वर्तमान नीतियों पर इसके प्रभाव का विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने अपनी पुस्तक के सभी आठ चैप्टर्स का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और यह स्पष्ट किया कि किस प्रकार भारत ने अपनी रणनीतिक दृढ़ता का प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान प्रायोजित एवं निरंतर संचालित आतंकवाद के लिए लागत और उसके परिणामों को बढ़ाने की अपनी नीति को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया। इस सेमिनार में श्रोताओं के साथ एक रोचक प्रश्न-उत्तर सत्र भी आयोजित किया गया। नवंबर 2024 से आज तक ज्ञान शक्ति थिंक टैंक ने विविध और आकर्षक विषयों पर ग्यारह सेमिनार आयोजित किए हैं, जिनमें प्रेडलाइन्स रिड्रॉन-ऑपरेशन सिंदूर और भारत का नया सामान्य नामक पुस्तक पर चर्चा भी शामिल है। इस मंच का उद्देश्य रणनीतिक एवं रक्षा संबंधी विषयों पर बौद्धिक चिंतन को विकसित एवं प्रोत्साहित करना है। यह मंच वेटरन्स की सक्रिय सहभागिता के साथ बौद्धिक विचार-विमर्श का संगम है तथा प्रासंगिक विषयों पर चर्चा हेतु उत्कृष्ट वक्ताओं को आकर्षित करता है। सप्त शक्ति कमान के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. शेखावत ने अपने समापन भाषण में लेखकों की उत्कृष्ट पुस्तक एवं ऑपरेशन के महत्वपूर्ण पहलुओं और निष्कर्ष को समझाने वाले उनके व्याख्यान की सराहना की। उन्होंने वक्ताओं को ऑपरेशन सिंदूर को परिभाषित करने वाले राजनीतिक, सैन्य और कूटनीतिक आयामों पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया।



# भामाशाह मालू ने निर्माण कार्य हेतु श्याम मंदिर को अर्पण किए 51 लाख रुपए

निसं

**रतनगढ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में सिद्धपीठ श्री ताल वाले बालाजी श्याम मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य में प्रसिद्ध चक्रवर्ती भामाशाह विकास मालू ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य पर सिद्धपीठ श्री ताल वाले बालाजी श्याम मंदिर सेवा समिति को इक्यावन लाख रुपए देने की घोषणा की। धनराज पुजारी ने बताया कि 15 अप्रैल को संकीर्तन ट्रस्ट एवं श्री ताल वाले बालाजी श्याम मंदिर सेवा समिति के मुख्य सरंक्षक भामाशाह जोधराज बैद एवं अमिता देवी बैद निर्माण कार्य का अवलोकन करने मंदिर पहुंचे।



इस अवसर पर पुजारी परिवार एवं श्याम मंदिर कमेटी ने उनका स्वागत किया। मुख्य सरंक्षक जोधराज बैद ने फोन पर वार्ता करके भामाशाह विकास मालू को श्याम मंदिर कमेटी एवं पुजारी परिवार की ओर से जन्मदिन पर शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रेषित किया। मुख्य सरंक्षक भामाशाह जोधराज बैद एवं अमिता देवी बैद की प्रेरणा से विकास मालू ने अपने जन्मदिन पर निर्माण कार्य हेतु इक्यावन लाख रुपए देने की घोषणा की इससे पूर्व भी स्व मूलचंद मालू ने निर्माण कार्य में विशेष सहयोग किया था तथा सालासर पैदल यात्रा पर जाते समय श्री ताल वाले बालाजी के दर्शन करने समय समय पर आते थे। इस अवसर पर गोपीकृष्ण पुजारी राकेश पुजारी, गिरधारी बाजोरिया, रघुनंदन धरेन्द्र, प्रहलाद पारीक, मनोज जोशी महावीर पंसारी, विष्णु धरेन्द्र, गिरीश मटोलिया, सांवरमल सोनी, मनोज पुजारी, पवन पुजारी नीलेश पुजारी रवि पुजारी, सहित कई सदस्य उपस्थित रहे तथा भामाशाह विकास मालू एवं जोधराज वैद का आभार व्यक्त किया।

# वैष्णव समाज को ओबीसी में शामिल करने की मांग



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रांतीय वैष्णव ब्राह्मण समाज समिति के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को जयपुर जिलाधीश को डोली भूमि मंदिर माफी तथा वैष्णव शब्द को ओबीसी वर्ग में शामिल करने की मांग को लेकर दो ज्ञापन सौंपे। समिति के अध्यक्ष अशोक स्वामी, जयपुर उत्तर जिलाध्यक्ष योगेश कौशिक एवं जयपुर उत्तर जिलाध्यक्ष पवन किलावत के नेतृत्व में सौंपे गए इन ज्ञापनों के दौरान सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा और हवा महल विधायक बालमुकुंदाचार्य भी उपस्थित रहे और उन्होंने मांगों का समर्थन किया। प्रतिनिधिमंडल की ओर से प्रस्तुत समस्याओं पर जिलाधीश ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए समाधान का आश्वासन दिया।

इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष गोरधन शर्मा, रामजी लाल वैष्णव, अनिल झालाना, राजेंद्र एडवोकेट, बंकटलाल वैष्णव, जगदीश गिरदावर, अशोक वैष्णव, राजेश मूर्ति वाले, भगवान सहाय, महेंद, सुभाष चंद्र बीलपुर एवं लालचंद वैष्णव सहित अनेक समाज जन उपस्थित रहे।

# हत्या के प्रयास का फरार आरोपी गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों व एक नाबालिग को पहले निरूद्ध किया गया था। थानाधिकारी मोहनलाल ने बताया कि 10 अप्रैल 25 को रंवा निवासी विजेन्द्र कुमार ने रिपोर्ट पेश की कि 9 अप्रैल को उसका बड़ा भाई राजेश कुमार खेत में ट्रेक्टर से खेत की जुताई कर रहा था। उस समय उनके ही गाँव का रतन सिंह खेत पर अपने तीन अन्य साथियों के साथ मोटर साईकिल पर सवार होकर हाथों में लाठी व लोहे का सरिया लेकर आये और आते ही खेत में घुसकर उसके भाई राजेश कुमार पर लाठियों व सरियों से ताबड तोड़ कातिलाना हमला कर दिया। जिससे उसके सिर, बायें हाथ, दोनो पैरों तथा बायें आँख के उपर गंभीर चोटे कारित कर घायल कर दिया। राजेश कुमार ने बताया कि उसके सिर व आँख पर रतन सिंह ने लोहे के सरिये की तथा हाथ व पैरों पर उसके तीनों साथियों ने लाठियों से ताबड़तोड़ वार कर गंभीर मारपीट की है। तथा उक्त लोग जाते वक्त कह रहे थे कि तुमने हमारा स्कूल के मामले में विरोध किया था उसका बदला लिया है। गंभीर घायल होने पर हमने तुरन्त प्रभाव से राज अस्पताल सिंघाना में इलाज हेतु भर्ती करवाया। मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की तलाश में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा पीड़ित राजेश कुमार के साथ गंभीर मारपीट करने वाले एक बाल अपचारी को निरूद्ध किया गया व 2 मुलजिमों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपी प्रदीप गुर्जर वक्त घटना से फरार चल रहा था जिस पर पुलिस ने मामले में फरार चल रहे रंवा निवासी प्रदीप गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा वारदात में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी मोहनलाल, एएसआई विनोद कुमार, कांस्टेबल अनिल, मंजीत आदि शामिल थे।

# राजधानी में ए-श्रेणी नाकाबंदी में पुलिस की सख्ती

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देशानुसार स्पेशल पुलिस कमिश्नर ऑपरेशन्स ओम प्रकाश के सुपरविजन में पुलिस कमिश्नरेट के समस्त जिलों में श्रेणी आकस्मिक नाकाबंदी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान शहर के विभिन्न संवेदनशील स्थानों, मुख्य मार्गों एवं प्रवेश, निकास बिंदुओं पर सघन चेकिंग की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों की धरपकड़, संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की जांच तथा कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना रहा। स्पेशल पुलिस कमिश्नर ऑपरेशन्स ओम प्रकाश ने बताया कि इस अभियान के दौरान 3022 वाहनों की जांच की गई। जिसमें एमवी एक्ट के तहत सख्त कार्यवाही करते हुए 185 एमवी एक्ट में 66 प्रकरण दर्ज किए गए। 408 चालान बनाए गए तथा 207 एमवी एक्ट के तहत 200 वाहनों को जब्त किया गया। इसके अतिरिक्त कुल 11 अन्य महत्वपूर्ण कार्यवाहियां भी की गई। इसके अलावा जिलेवार कार्यवाही में जिला पूर्व में 921 वाहनों की जांच कर 31 प्रकरण दर्ज किए जाकर 144 चालान एवं 103 वाहन जब्त किए गए तथा 6 अन्य कार्यवाहियां की गई। जिला पश्चिम में 943 वाहनों की जांच कर 19 प्रकरण दर्ज किए जाकर 111 चालान एवं 42 वाहन जब्त किए गए तथा 1 अन्य कार्यवाही की गई। जिला उत्तर में 621 वाहनों की जांच कर 10 प्रकरण दर्ज किए जाकर 122 चालान एवं 26 वाहन जब्त किए गए तथा 1 अन्य कार्यवाही की गई।

जिला दक्षिण में 537 वाहनों की जांच कर 6 प्रकरण दर्ज किए जाकर 31 चालान एवं 29 वाहन जब्त किए गए तथा 3 अन्य कार्यवाहियां की गई। वहीं इस अभियान के दौरान सामान्य यातायात कार्यवाही के अतिरिक्त विभिन्न थाना क्षेत्रों में विशेष निरोधात्मक एवं विधिक कार्यवाही भी की गई, जिसमें 60 पुलिस एक्ट के तहत कुल 8 प्रकरण दर्ज कर शांति भंग की आशंका वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त बीएनएसएस की धारा 170 के तहत 2 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक कदम उठाए गए। वहीं काली फिल्म लगे वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग करते हुए 2 चालान किए गए। इस प्रकार कुल 11 अन्य कार्यवाहियों के माध्यम से संदिग्ध एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया।

# टोल रोड विवाद, मुआवजे को लेकर सौंपा ज्ञापन

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के मलसीसर तहसील सचिव महिपाल पूनिया ने बताया कि झुंझुनू-राजगढ़ टोल रोड की मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। महिपाल पूनिया ने बताया कि झुंझुनू से राजगढ़ टोल रोड के लिए वर्ष 1992 तक कुल 40 फीट भूमि का अधिग्रहण किया गया था लेकिन इसके बाद कोई अधिग्रहण नहीं किया गया। इसके बावजूद 40 फीट से बाहर के दायरे में गांवों में सड़क के दोनों ओर नालियों का निर्माण किया गया, जिससे प्रभावित किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि टोल के पास बनाया गया टोल ऑफिस भी 40 फीट सीमा से बाहर है, जिसका मुआवजा नहीं दिया गया। इसके अलावा टोल के दोनों तरफ बनाए गए धर्म कांटे भी अधिग्रहित सीमा से बाहर हैं और उनका भी मुआवजा नहीं मिला है। इस संबंध में कलेक्टर को भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास कानून 2013 के तहत प्रभावितों को मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो जल्द ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# आयुक्त नहीं होने से जनता परेशान

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सुजानगढ़ नगर परिषद में आयुक्त नहीं होने के कारण आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के काम नहीं होने के कारण उनमें गुस्सा है। मामले को लेकर स्थानीय निवासी बसंत बोरड़ ने बताया कि उनके एक रिश्तेदार तरुण सेठिया का पट्टा ढाई साल से पेंडिंग चल रहा है। इस पट्टे की फाइल 2024 में जमा करवाई गई थी।

जिसके बाद यह दो साल तक इधर से उधर घूमती रही। 5 फरवरी 2026 को नियमन शुल्क के रूप में एक लाख 46 हजार 68 रुपए जमा कर दिए थे लेकिन आज भी यह फाइल पेंडिंग पड़ी है। मामले को लेकर एक अप्रैल को बसंत के पिता विजय सिंह बोरड़ ने एसडीएम को ज्ञापन देकर पट्टा जारी करवाने का निवेदन भी किया था। बोरड़ ने कहा कि आयुक्त नहीं होने के कारण उन्हें यह परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि अधिकारी नहीं होने के कारण कर्मचारी भी अपनी सीटों पर नजर नहीं आते। बोरड़ ने कहा कि अगर उनका पट्टा जल्दी जारी नहीं किया गया तो उन्हें मजबूरन जयपुर जाकर डीएलबी के अधिकारियों को मामले से अवगत करवाना पड़ेगा।

# केवी का दसवीं में शत-प्रतिशत परिणाम

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा का परिणाम बुधवार को जारी हुआ। खेतड़ी नगर स्थित केंद्रीय विद्यालय का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय परिवार में उत्कृष्ट परिणाम को लेकर खुशी का माहौल रहा। प्राचार्य केएल मीणा ने बताया कि विद्यालय के विद्यार्थियों ने मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के सामूहिक प्रयास का प्रतिफल है। भविष्य में भी विद्यालय इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि छात्र चिंतन जांगिड़ ने 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी प्रकार छात्रा वंशिका ने 91.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्र नितिन कुमार ने 90.60 प्रतिशत तथा छात्रा हर्षिता यादव ने 90.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट परिणाम देने वाले विद्यार्थियों का विद्यालय परिसर में माला पहनाकर, साफा बांधकर एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



# संत प्रकाश दास आज बिखेरेंगे स्वर लहरियां

निसं

बुगाला (नवयत्न)। सौंथली गांव के खेत्रपाल मंदिर स्थापना दिवस पर शुक्रवार को रात्रि 9 बजे भजन संध्या होगी। प्रमोद कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर प्रसिद्ध संत प्रकाश दास अपने मधुर भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है। आयोजन स्थल पर व्यवस्थाओं को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# रक्तदान शिविर आज

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय लॉयन्स चेरिटेबल ट्रस्ट ब्लड बैंक परिसर में शुक्रवार को चूरू के पूर्व जिला प्रमुख रामदेव ढाका की दसवीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित होगा। शिविर संयोजक डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने बताया कि रामदेव ढाका स्मृति प्रन्यास के तत्वावधान में राष्ट्रीय जाट महासभा और बाल भारती इंटरनल सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल के सहयोग से आयोजित इस शिविर का उद्घाटन सहकारी प्रबंध संस्थान, जयपुर के निदेशक डॉ किशोर कुमार करेंगे। अध्यक्षता ब्लड बैंक के अध्यक्ष डॉ सरोज कुमार छाबड़ा करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक और बाल भारती इंटरनल स्कूल के निदेशक नोपाराम मंडा मौजूद रहेंगे।

# पुलिस दिवस समारोह में 129 पुलिसकर्मी सम्मानित



**जयपुर ( नवयत्न )।** जिला जयपुर ग्रामीण पुलिस की ओर से पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन में भव्य पुलिस दिवस समारोह 2026 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 129 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सेवा चिन्ह, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज राहुल प्रकाश रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रजनीश पुनिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं इस कार्यक्रम की शुरुआत सेरेमोनियल परेड से हुई। जिसमें मुख्य अतिथि ने सलामी दी। इसके बाद पुलिस जवानों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। पुलिस बैंड की मधुर धुनों के बीच जवानों ने अनुशासन और दक्षता का शानदार प्रदर्शन किया, जिसने उपस्थित जनसमूह को प्रभावित किया। इसके अलावा वर्ष 2025 में सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। जिनमें 70 पुलिसकर्मियों को उत्तम सेवा चिन्ह, 37 को अति उत्तम सेवा चिन्ह और 22 को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह प्रदान किए गए। इसके साथ ही पुलिस की सहायता करने वाले 7 नागरिकों को भी साफा व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निष्पक्ष, संवेदनशील और जवाबदेह पुलिसिंग के लिए प्रेरित किया गया।

# हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह को उत्तम सेवा सम्मान

निसं




**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय व जयपुर रेंज के आदेशानुसार वर्ष 2025 के कोटे में जिले के कई पुलिस कर्मियों को सर्वोत्तम, अति उत्तम एवं उत्तम सेवा चिह्न से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में गुरूवार को पुलिस थाना सूरजगढ़ के हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह जो वर्तमान में एच.एम. के पद पर कार्यरत है को उनकी उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस लाइन झुंझुनू में पुलिस अधीक्षक कावेद्र सिंह सागर द्वारा उत्तम सेवा सम्मान प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर थानाधिकारी रणजीत सिंह सेवदा, वृताधिकारी विकास धींधवाल सहित समस्त पुलिस स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सम्मान उनके समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्यशैली का प्रतीक है।

## बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल ने लहराया परचम

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय मेगा हाईवे स्थित बाल भारती इंटरनेशनल ने सीबीएसई में कक्षा 10 में शत प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर एक बार फिर सिद्ध किया कि उनकी प्रतिभाएं बेस्ट हैं। सीबीएसई कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में बाल भारती इंटरनेशनल के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। माही अग्रवाल 96.2 प्रतिशत के साथ प्रथम रही। हिमानी संतोभा ने 95.4, राहुल डूडी ने 92.2 प्रतिशत, प्रत्युशी जैन 89.4, दक्षिता कंवर राठौड़ ने 88.2 प्रतिशत, कार्तिक ने 87.6, यश जैन ने 87.6, परिधी सेठी ने 87, शोर्या प्रताप ने 86.8, अर्पिता मारू ने 84.4, योगिता शर्मा ने 84.2, तेजस्वी सोनी ने 84, नीरल गोदारा में 82.4, दर्शन जैन 81.6, सोनम प्रजापत ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये हैं।

# सीडीएससीओ संस्थान द्वारा प्रिंस ब्लड सेंटर को मान्यता

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** केंद्रीय स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, नई दिल्ली के सीडीएससीओ संस्थान द्वारा जयपुर रोड, सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल में प्रिंस ब्लड सेंटर को मान्यता प्रदान की गई है। यह शेखावाटी क्षेत्र का पहला टर्शियरी केयर ब्लड सेंटर होगा, जहां अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उच्चतम तकनीक के उपकरण एवं मशीनरी स्थापित की गई है। प्रिंस ब्लड सेंटर में आधुनिक टेरेमो ऑप्टिया स्पेक्ट्रम एफेरेसिस मशीन, एलिसा रीडर एवं वॉशर, न्यूक्लिक एसिड एम्प्लीफिकेशन टेस्ट सहित कई हाई-एंड तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। प्रिंस ब्लड सेंटर में ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विशेषज्ञ एमडी डॉ अंकित गर्ग, शहर के वरिष्ठ पैथोलॉजिस्ट डॉ प्रदीप शर्मा सहित कई विशेषज्ञ डॉक्टर सेवाएं दे रहे हैं।


## आम सूचना

मैं विजय कुमार शर्मा पुत्र नरेश कुमार शर्मा, निवासी वार्ड नं. 30, जयपुरिया की हवेली के पास, नवलगढ़, तहसील-नवलगढ़, जिला-झुन्झुनू। यह कि दिनांक 06-04-2026 को मैं अपने घर से तहसील कार्यालय, नवलगढ़ की तरफ मेरी मोटरसाईकिल से अकेला जा रहा था। मेरे साथ मेरे सम्पति के दस्तावेज रजिस्ट्री दिनांकित 29-01-2014 संदीप कुमार शर्मा बहक विकास कुमार शर्मा तथा मेरा आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि दस्तावेज कहीं रास्ते में गिर गये जो काफी तलाश करने पर भी नहीं मिले है। अगर किसी भी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज प्राप्त होते है तो मुझे मेरे आधार कार्ड के पते पर लौटा देवें। मेरे उक्त दस्तावेज का कोई भी व्यक्ति दुरूपयोग नही करें, अन्यथा उस पर मेरी ओर से कानूनी कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

## उपक्षेत्रीय रोजगार कार्यालय झुन्झुनू

क्रमांक :- 312 दिनांक :- 13/04/26

**नीलामी सूचना**

उपक्षेत्रीय रोजगार कार्यालय झुन्झुनू में दिनांक 24.04.2026 को अनुपयोगी/ नाकारा सामान एवं रद्दी अखबारों की नीलामी मध्याह्न पूर्व 12:00 P.M.पर रखी गई हैं। इच्छुक बोलीदाता को निर्धारित समय से आधा घन्टा पूर्व कार्यालय में उपस्थित होकर नीलामी की कार्यवाही में भाग लेने से पूर्व Rs. 500/- अमानत राशि के रूप में जमा कराने होंगे। राशि जमा कराने के उपरांत ही नीलामी में भाग ले सकेगें। अधिकतम बोलीदाता को शेष राशि उसी समय जमा कराकर अनुपयोगी/नाकारा सामान उठाना होगा। अनुपयोगी/नाकारा सामान एवं रद्दी अखबारों का अवलोकन सरकारी कार्य दिवस में किसी भी समय किया जा सकेगा।

**( दयानन्द यादव )**
सहायक निदेशक
उपक्षेत्रीय रोजगार कार्यालय, झुन्झुनू

## कार्यालय नगरपालिका मंडल, मलसीसर (झुंझुनू) राज.

क्रमांक :- 52 दिनांक :- 10/04/2026

**निविदा सूचना**

नगरपालिका मलसीसर द्वारा उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से मोहर बन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है। जो दिनांक 10.04.2026 से दिनांक 17.04.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक निविदा प्रपत्र नगद/डी.डी./बैंकर्स चैक राशि जमा कर विक्रय की जाकर दिनांक 17.04.2026 को निविदा दोपहर 02:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कक्ष में जमा करवाई जा सकती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण website http://sppp.rajasthan.gov.in से Download कर प्राप्त की जा सकती है तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपालिका मलसीसर के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी एवं प्राप्त की जा सकती है। जिसके UBN Titel निम्न है :-

DLB2627SSOB01308
DLB2627WSOB01313

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मलसीसर

राज.संवाद/सी/26/947

## कार्यालय नगर पालिका लक्ष्मणगढ सीकर

क्रमांक :- न.पा.ल/2026-27/84 - 86 दिनांक :- 09/04/2026

**ई-निविदा सूचना**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु उपर्युक्त श्रैणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रकिया हेतु ऑनलाईन बोलीयां आमंत्रित की जाती है। वेबसाइट पर तकनिकी बोली सारणी में दर्शाई गई दिनांक एवं समय को इस कार्यालय में खोली जावेगी। यदि किसी कारणवश उस दिवस का अवकाश रहता है तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर बोलीया खोली जावेगी। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in** तथा **www.sppp.raj.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| UBN NO.( NIB code DLB2627A0095 | DLB2627SLOB00265, DLB2627SSOB00268 |
| निविदा फार्म डाउनलोड करने की दिनांक | 03.04.2026 को प्रातः 9.00 बजे से 23.04.2026 तक को सांय 6.00 बजे तक |
| निविदा फार्म अपलोड करने की दिनांक | 03.04.2026 को प्रातः 9.00 बजे से 23.04.2026 तक को सांय 6.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की दिनांक | 24.04.2026 को प्रातः 10.00 बजे |
| प्रोसेसिंग शुल्क | कार्य संख्या 01 2000/- एवं कार्य संख्या 02 500/- MD RISL, JAIPUR के नाम देय होगी। |

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण लोक उपापन पोर्टल **(www.sppp.raj.nic.in and http://eproc.rajasthan.gov.in)** तथा कार्यालय समय में देखी जा सकती है।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका लक्ष्मणगढ (सीकर)

राज.संवाद/सी/26/962

# रोज इस तरह पिएं कॉफी, तेज होगा मेटाबॉलिज्म और पाचन भी रहेगा दुरुस्त

भारत में कई लोगों को सुबह उठने के बाद चाय या कॉफी पीने की आदत है। चाय और कॉफी को यदि सीमित मात्रा में पिया जाए तो ये आपके लिए फायदेमंद होती है। चाय और कॉफी की कई किस्म भारत सहित अन्य देशों में पाई जाती है। लोग थकान को दूर करने के लिए भी चाय या कॉफी पीना पंसद करते हैं। ऑफिस के शॉर्ट ब्रेक में अधिकतर लोग चाय या कॉफी लेते हैं। इससे तनाव, चिंता, थकान, हार्ट हेल्थ और वजन को कम किया जा सकता है। इससे मस्तिष्क की एकाग्रता बढ़ती है। कॉफ़ी में विटामिन बी2, कैफीन, प्लांट केमिकल क्लोरोजेनिक एसिड, मैग्नीशियम, पॉलीफेनोल्स, कैफेस्टोल व डाइटरपीन भी पाया जाता है।



## मेटाबॉलिज्म क्या है?

मेटाबॉलिज्म आपके आहार को ऊर्जा में बदलने का काम करता है। इससे एक्टिव होने से वजन को कम करने में मदद मिलती है। साथ ही पाचन क्रिया बेहतर होती है। जिसकी वजह से आहार का फैट आसानी से बर्न होता है और आपका वजन कंट्रोल में रहता है। शरीर के हर अंग को संचालन के लिए ऊर्जा की आवश्यकता होती है। इस वजह से भी मेटाबॉलिज्म रेट सही होना आवश्यक होते है।

## वजन होता है कंट्रोल

कॉफी पीने आपका मेटाबॉलिज्म रेट बढ़ता है। जिससे आपका वजन कंट्रोल में रहता है। इससे आहार आपके आहार से पोषण आसानी से अवशोषित होते हैं। वजन को कंट्रोल करने के लिए आप कॉफी पी सकते हैं।

## एकाग्रता बेहतर होती है

कॉफी में मौजूद कैफीन आपके मेटाबॉलिक रेट को 3 से 11 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है। कॉफी पीने से ब्रेन फंक्शन एक्टिव होते हैं और एकाग्रता बढ़ती है। इससे एनर्जी लेवल बेहतर होता है। लेकिन इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए।

## शारीरिक सक्रियता बढ़ती है

कॉफी पीने से मेटाबॉलिक रेट बेहतर होता है, जिसकी वजह से शरीर के सभी अंगों को पर्याप्त एनर्जी मिलती है। इससे आलास दूर होता है और आप पहले से ज्यादा एक्टिव हो जाते हैं।

# गर्मी में पानी में मिलाकर पिएं ये चीजें रहेंगे तरोताजा और एनर्जेटिक



गर्म हवाओं और धूप की वजह से शरीर में पानी की कमी होने लगती है। इसकी वजह से व्यक्ति को थकान और कमजोरी का अनुभव होने लगता है। कई मामलों में ब्लड प्रेशर भी कम होने लगता है। ऐसे में गर्मी के मौसम में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है। इसके लिए हम गर्मी में खूब पानी पीते हैं। लेकिन अगर आप पानी में बुरांश या एलोवेरा जूस डालकर पिएंगे, तो इससे हेल्थ को ज्यादा लाभ मिल सकते हैं। पानी में जूस मिलाकर पीने से आपकी बॉडी हाइड्रेट रहेगी। साथ ही, शरीर को पर्याप्त मात्रा में विटामिन्स और मिनरल्स भी मिलेंगे।

## बुरांश का जूस

बुरांश का जूस सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। गर्मियों में बुरांश का जूस पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है। अगर गर्मी की वजह से आपको थकान या कमजोरी का अनुभव हो रहा है, तो बुरांश का जूस पी सकते हैं। इससे शरीर तरोताजा और एनर्जेटिक रहेगा। साथ ही, इसमें एंटीइंफ्लेमेटरी और एंटीबैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करते हैं। गर्मी में आप पानी में डालकर बुरांश का जूस पी सकते हैं। इसके लिए आप एक गिलास पानी लें। इसमें 1-2 चम्मच बुरांश का जूस मिलाएं और पी लें। रोजाना इस पानी को पीने से आपको काफी लाभ मिलेगा।

## गुलाब जूस

पानी में गुलाब का जूस मिलाकर पीना भी फायदेमंद होता है। इसके लिए आप एक गिलास पानी लें। इसमें 2 चम्मच गुलाब का जूस डालें और पी लें। रोज सुबह या शाम को इस पानी को पीने से आपको ताकत मिलेगी। गुलाब का जूस पीने से शरीर में ठंडक बनी रहेगी। साथ ही, पानी की कमी से भी बचाव होगा। अगर आप रोजाना गुलाब का जूस पिएंगे, तो इससे आपकी बॉडी पूरे दिनभर हाइड्रेटेड बनी रहेगी। आप गुलाब का जूस मार्केट से खरीद सकते हैं या फिर घर पर भी बना सकते हैं। गुलाब का जूस मन और मस्तिष्क को शांत करता है। इससे स्ट्रेस लेवल कम होता है और पाचन तंत्र भी मजबूत बनता है।

## एलोवेरा जूस

एलोवेरा ठंडा होता है, इसलिए गर्मियों में एलोवेरा का जूस पीना लाभकारी होता है। एलोवेरा में विटामिन ए, सी और ई पाए जाते हैं। इसके अलावा, एलोवेरा में कैल्शियम, फोलिक एसिड, मैग्नीशियम और फोलिक एसिड भी होते हैं। रोज सुबह खाली पेट पानी में एलोवेरा जूस मिलाकर पीने से कई स्वास्थ्य समस्याएं दूर हो सकती हैं। एलोवेरा का जूस पीने से शरीर को ठंडक मिलती है। पाचन में सुधार होता है और डायबिटीज भी कंट्रोल में रहता है। अगर आप गर्मी में रोजाना एलोवेरा जूस पिएंगे, तो इससे वजन कम करने में भी मदद मिल सकती है। इसके लिए आप गुनगुना पानी लें। इसमें 1-2 चम्मच एलोवेरा जूस मिलाएं और पी लें।



## नींबू का रस

गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए नींबू का जूस पीना फायदेमंद होता है। इसके लिए आप एक गिलास पानी में नींबू का रस मिलाएं और पी लें। आप नींबू के रस को सुबह खाली पेट या दिन के किसी भी समय पी सकते हैं। नींबू में विटामिन सी होता है, जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनती है। अगर आप नियमित रूप से नींबू पानी पिएंगे, तो इससे पाचन में सुधार होगा। त्वचा पर निखार आएगा और वेट लॉस में भी मदद मिलेगी। नींबू का जूस पीने से गर्मी में होने वाली कमजोरी और थकान को भी कम करने में मदद मिल सकती है। नींबू पानी से शरीर को एनर्जी मिलती है और बॉडी हाइड्रेटेड बनी रहती है।



## आंवला जूस

एक गिलास पानी में 2 चम्मच आंवला जूस मिलाएं और पी लें। आंवला जूस में विटामिन सी होता है, जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। आप आंवला जूस को दिन के किसी भी समय पी सकते हैं। लेकिन अगर सुबह खाली पेट आंवला जूस पिया जाए, तो इससे ज्यादा लाभ मिल सकता है। आंवला जूस पीने से वेट लॉस में मदद मिल सकती है। साथ ही, यह पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाता है। आंवला जूस पीने से शरीर की थकान और कमजोरी दूर होती है।

# बच्चों को गर्मियों में जरूर खिलाएं खरबूजा, सेहत को मिलेंगे ये फायदे

खरबूजा बड़ों की सेहत के साथ बच्चों के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसमे कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं जैसे फाइबर, प्रोटीन, विटामिन सी और आयरन आदि पाए जाते हैं, जो बच्चों की सेहत के लिए बहुत जरूरी होते हैं। गर्मियों में खरबूजा काफी मात्रा में मिलता है। मुलायम और मीठा होने की वजह से बच्चे इसे आसानी से खा लेते है और पसंद भी करते है। पानी की मात्रा ज्यादा होने की वजह से खरबूजा बच्चों के लिए पचाने में काफी आसान होता है। इसमें मौजूद फाइबर उनके पेट को साफ रखने में मदद करता है और कब्ज को भी दूर करता है।

## हाइड्रेट रखें

अक्सर बच्चे पानी पीना कम पसंद करते है। जिस कारण गर्मियों में उनके शरीर में पानी की कमी हो सकती है। ऐसे में खरबूजा बच्चों के शरीर को हाइड्रेट रखता है और शरीर में पानी की कमी को पूर्ति करता है। खरबूजा खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। ऐसे में हर बच्चा आसानी से खा लेता है।

## कब्ज करे दूर

बच्चों में कब्ज की समस्या होना एक आम परेशानी है। ऐसे में खरबूजा में मौजूद फाइबर बच्चों में कब्ज की परेशानी को दूर करता है और उनके शरीर को हेल्दी रखता है। खरबूजा पेट की बाउल मूवमेंट को ठीक करता है और मल को सॉफ्ट करता है। जिससे कब्ज की परेशानी आसानी से दूर होती है।



**बच्चों की आंखों के लिए फायदेमंद :** खरबूजा में मौजूद विटामिन ए बीटा-कैरोटीन बच्चों की आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। खरबूजा खाने से आंख संबंधित बीमारी होने का खतरा कम होता है और आंखों की रोशनी भी बढ़ती है। खरबूजा बच्चों की आंखों को लंबे समय तक हेल्दी रखने में मदद करता है।

## विकास में सहायक

बच्चों को खरबूजा खिलाने से उनकी विकास तेजी से होता है। इसमें मौजूद विटामिन ए, सी, पोटेशियम और फोलेट त्वचा को कोमल बनाता है और हड्डियों को मजबूत बनाता है। इसके सेवन से हड्डियां लंबे समय तक स्वस्थ रहती है।

## इम्यूनिटी मजबूत करे

बच्चों को खरबूजा खिलाने से बच्चों की इम्यूनिटी भी मजबूत होती है और मौसमी बीमारी लगने का खतरा भी कम होता है। इसमें मौजूद विटामिन सी बच्चों में इंफेक्शन की संभावना को कम करता है और शरीर को हेल्दी रखता है।

# तेज धूप की वजह से होने लगता है सिरदर्द यह घरेलू उपाय दिलाएंगे जल्द आराम

गर्मी का मौसम अब अपने उफान पर चढ़ चुका है। गर्मी के बढ़ने के साथ-साथ कई तरह के स्वास्थ्य समस्याएं भी होने लगती हैं। इनमें सबसे आम है, शरीर में पानी की कमी। बड़े-बुजुर्गों को भी आपने कहते सुना होगा कि पानी खूब पियो और फल खाओ ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। दरअसल, इन दिनों पानी कमी होने की वजह से शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है, जिससे चक्कर आना, थकान होने जैसी समस्याएं होने लगती है। इसी तरह की एक समस्या है कि सूरज के धूप की वजह से सिर में दर्द होना। अगर आपके साथ भी समस्या होती है, तो इससे कैसे निपट सकते हैं? पेश है, धूप की वजह से हो रहे सिरदर्द से निपटने के घरेलू उपाय।




## खूब पानी पिएं

कुछ देर पहले ही हमने आपको बताया है कि गर्मी के दिनों में पानी पीना बहुत जरूरी है। इससे बॉडी डिहाइड्रेट नहीं होती है। इसी तरह, अगर आप घर से बाहर जा रहे हैं, तो अपने पास पानी की बोतल रखें और बार-बार पानी पीते रहें। दरअसल, सूरज की रोशनी सीधे सिर पर पड़ने से सिर में दर्द होने लगता है, क्योंकि शरीर में पानी की कमी होने लगती है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए कुछ-कुछ देर में पानी पीते रहें। आप जितना पानी पिएंगे, उतने सिरदर्द में कमी आती रहेगी और आपकी बॉडी को फील गुड का अहसास होगा।

## हर्बल टी पिएं

जब गर्मी की वजह से सिर में तेज दर्द हो, तो आप हर्बल टी पीकर अपने सिरदर्द को कम कर सकते हैं। हर्बल टी के तौर पर आप नींबू की चाय पी सकते हैं, जो आपके लिए फायदेमंद हो सकती है। इसके अलावा, हल्दी, अदरक, लैवेंडर, पुदीना आदि की चाय बनाकर भी आप पी सकते हैं। असल में, धूप की वजह से हो रहे सिरदर्द से राहत पाने के लिए आप किसी भी तरह की हर्बल टी पी सकते हैं। इससे आपको काफी आराम मिलेगा।

## नींबू पानी पिएं

जब भी तेज धूप में आप घर से बाहर जाएं, तो घर आकर नींबू का पानी जरूर पिएं। दरअसल, तेज धूप में जाने की वजह से शरीर गर्म हो जाता है और पानी की कमी होने लगती है। इसी कारण सिर में दर्द शुरू हो जाता है। ऐसी स्थिति में, घर लौटने के बाद नींबू पानी पीने से शरीर को इंस्टेंट ठंडक मिलती है और कुछ ही देर में सिरदर्द भी ठीक होने लगता है।

## समय पर भोजन करें

गर्मी के मौसम में लोग अक्सर अपने मील स्किप कर देते हैं यानी किसी एक वक्त खाना नहीं खाते हैं। वास्तव में, गर्मियों के दिनों में ज्यादा खाने का मन नहीं करता। इसलिए लोग नाश्ता, लंच या डिनर में किसी एक वक्त का खाना छोड़ देते हैं। पहली बात, तो ऐसा करना जरा भी सही नहीं है। दूसरी बात, यह कि समय पर भोजन किया जाना बहुत जरूरी है। जब आप समय पर भोजन नहीं करते हैं, तो इससे सिरदर्द होने की आशंका बढ़ जाती है। अगर आप बिना खाना खाए, तपती धूप में घर से बाहर निकलेंगे, तो सिरदर्द होने के चांसेज और बढ़ जाते हैं। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए समय पर खाना जरूर खाएं।

## सिर को ढक कर रखें

जब भी आप तेज धूप में घर से बाहर निकलें, तो अपने सिर को ढकना न भूलें। खासकर, जिन लोगों को माइग्रेन की समस्या है, उन्हें अपने सिर को कवर करना जरूरी है। सिर ढकने की वजह से धूप सीधे सिर पर नहीं पड़ती, जिससे सिरदर्द होने की आशंका कम हो जाती है। आप चाहें, तो छतरी भी अपने साथ रख सकते हैं। छतरी की मदद से भी आप खुद को धूप से बचा सकते हैं, जो आपको सिरदर्द से बचाने में मदद करेगी।

# गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए पिएं ये शिकंजी, मिलेंगे कई फायदे

गर्मियों में शरीर को ठंडा रखने के लिए लोग कई तरह के बाजार में मिलने वाली ड्रिंक्स आदि का सेवन करते हैं। ये ड्रिंक्स ज्यादा पानी से शरीर को कई तरह के नुकसान हो सकते हैं। ऐसे में गर्मियों में शरीर को हाइड्रेट रखने और लू से बचने के लिए घर में शिकंजी बनाकर पी जा सकती है। शिकंजी नींबू से बनी होने के कारण ये शरीर को कई तरह के फायदे देती है और गर्मियों में शरीर को ठंडक देती है। शिकंजी पीने से पाचन तंत्र भी मजबूत रहता है और मौसमी बीमारियों का खतरा भी कम होती है।



## नींबू शिकंजी

पोषक तत्वों से भरपूर नींबू शिकंजी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसको पीने से शरीर को ठंडक मिलने के साथ गर्मियों में होने वाली ब्लोटिंग की समस्या से भी बचाव होता है। ये इम्यूनिटी को भी मजबूत करती है और शरीर को डिटॉक्स भी करती है। नींबू शिकंजी बनाने के लिए 1 गिलास पानी लें। इसमें 1/2 चम्मच काला नमक और 1 नींबू का रस और 1/2 चम्मच शहद को मिलाकर अच्छे से मिलाएं। इसको ठंडा करने के लिए बर्फ की क्यूब का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

## पुदीना शिकंजी

औषधियों गुणों से भरपूर पुदीना शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसको पीने से पेट को ठंडक मिलती है शरीर में पानी की पूर्ति होती है। इसको बनाने के लिए गिलास में पुदीना के पत्ते को कूट लें। अब इसमें चीनी या शहद, नींबू का रस और ठंडा पानी डालकर सब को मिलाएं। आपकी पुदीना शिकंजी तैयार है। दिन के समय इसे पीने से मूड भी फ्रेश रहता है।

## सत्तू की शिकंजी

सत्तू की शिकंजी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। सत्तू पेट को ठंडा रखने के साथ कई बीमारियों को भी दूर करता है। गर्मी में इसको पीने से शरीर को इंस्टैट एनर्जी भी मिलती है और शरीर हाइड्रेट भी रहता है। सत्तू की शिकंजी बनाने के लिए 1 गिलास में 1 चम्मच सत्तू, चीनी या शहद को मिलाएं। ठंडा करने के लिए इसमें बर्फ के टुकड़ें भी डाल सकते हैं। आपकी सत्तू की शिकंजी तैयार है।

## मसाला शिकंजी

मसाला शिकंजी गुणों से भरपूर होती है। ये पाचन को दुरुस्त करके इम्यूनिटी को भी मजबूत करती है। गर्मियों में शिकंजी पीने से शरीर हाइड्रेट रहता है और गर्मी में होने वाली समस्याएं भी कम होती है। इसको बनाने के लिए 1/2 चम्मच भूना जीरा, काला नमक, 1/2 चम्मच सौंफ और 1 नींबू का रस को ठंडे पानी में मिलाकर मिश्रण तैयार करें। पेट को ठंडा रखने के लिए पुदीना के पत्तों को भी इस्तेमाल किया जा सकता है। ये शिकंजी में मौजूद मसाले पेट की कई समस्याओं को आसानी से दूर करते हैं।

# पान में इस्तेमाल होने वाला कत्था दूर करता है सेहत से जुड़ी कई समस्याएं, इसका प्रयोग का तरीका

जो लोग पान खाने के शौकीन हैं, वे कत्थे के महत्व को अच्छी तरह समझते होंगे। कत्था न सिर्फ पान को लाल रंग प्रदान करता है, बल्कि इसके स्वाद को भी बढ़ाता है। लेकिन क्या आप कत्थे के फायदों के बारे में सुना है? जी हां, कत्थे का सेवन सेहत के लिए लाभकारी होता है। कत्था, खैर के पेड़ की लकड़ी से निकाला जाता है। कत्थे का प्रयोग कई समस्याओं के इलाज के लिए सदियों से किया जा रहा है। आयुर्वेद में विभिन्न प्रकार की दवाओं को बनाने में भी कत्था का उपयोग किया जाता है।



**गले में खराश से राहत दिलाए :** अगर आप गले में खराश या गला बैठने जैसी समस्याओं परेशान हैं, तो कत्थे का इस्तेमाल आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। कत्थे के चूर्ण को गर्म पानी के साथ मिलाकर पीने या कत्थे का चूर्ण मुंह में रखकर चूसने से गले की समस्याओं से राहत मिल सकती है।

**खांसी को ठीक करे :** कत्थे का इस्तेमाल खांसी को ठीक करने के लिए भी किया जा सकता है। इसके लिए कत्थे को हल्दी और मिश्री के साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण से गोलियां बना लें। अब इन गोलियों को मुंह में रखकर चूसते रहें। ऐसा करने से खांसी आना बंद हो जाएगी।

**दांतों की समस्याएं दूर करे :** कत्थे को नियमित उपयोग करने से दांतों से जुड़ी समस्याएं दूर हो सकती हैं। इसके लिए आप कत्थे को दन्त मंजन में मिलाकर दांत को नियमित रूप से साफ करें। इससे दांत में दर्द या मसूड़ों में सूजन की समस्या से राहत मिलेगी। हालांकि, ध्यान रखने कि इसे एक चुटकी ही मंजन में मिक्स करें। ज्यादा मात्रा में कत्थे का इस्तेमाल करने से दांतों को नुकसान पहुंच सकता है।

**पाचन संबंधी समस्याओं से छुटकारा दिलाए :** कत्था पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में भी प्रभावी होता है। कत्थे को पानी में उबालकर पीने से दस्त की समस्या में राहत मिलती है। इसके अलावा, यह खट्टी डकार और पेट से जुड़ी अन्य समस्याओं को दूर करने में भी लाभकारी होता है।

## घाव जल्दी भरे

कत्थे में घाव भरने के गुण होते हैं। चोट लगने पर कत्थे को बारीक पीसकर प्रभावित जगह पर लगाएं। इससे घाव जल्दी भरने में मदद मिलेगी और खून बहना भी बंद हो जाएगा।

## अस्थमा में फायदेमंद

अस्थमा की बीमारी में कत्था एक औषधि की तरह काम करता है। इसके लिए कत्था को हल्दी और शहद के साथ मिलाकर दिन में दो से चार बार एक चम्मच की मात्रा में लें। इससे सांस से जुड़ी समस्याओं से काफी राहत मिल सकती है।

# पाइनएप्पल खाने के शौकीन लोग संभलकर करें इसका सेवन, होते हैं ये साइड इफेक्ट

**पाइनएप्पल का ज्यूसी फ्लेवर बच्चों से लेकर बड़ों तक को काफी पसंद होता है। गर्मियों में तो कई लोग इस पीले फल का मजा लेने के लिए इसे अपने जूस, सलाद या फिर रायते में डालकर खाते हैं। पाइनएप्पल में मौजूद विटामिन ए, मैंगनीज और डाइजेस्टिव एंजाइम जैसे पोषक तत्व उसे सेहत के लिए बेहद फायदेमंद बनाते हैं। सेहत के लिए इतना फायदेमंद होने के बावजूद क्या आप जानते हैं जरूरत से ज्यादा पाइनएप्पल खाने से आपको इसके फायदे नहीं बल्कि नुकसान उठाने पड़ सकते हैं।**

**डायबिटीज :** पाइनएप्पल प्राकृतिक रूप से बहुत मीठा फल है। जिसमें नेचुरल शुगर की मात्रा बहुत ज्यादा पाई जाती है। पाइनएप्पल में ग्लूकोज और सुक्रोज की मात्रा ज्यादा होने की वजह से इसका ज्यादा सेवन शरीर में ब्लड शुगर का लेवल तेजी से बढ़ सकता है।

**ब्लीडिंग :** पाइनएप्पल के जूस में एंजाइम ब्रोमेलैन मौजूद होता है। अगर आप खून पतला करने वाली दवाओं का सेवन कर रहे हैं तो ब्लीडिंग की संभावना को तेज कर सकता है। यही वजह है कि प्रेगनेंसी के दौरान प्रेगनेंट महिलाओं को पाइनएप्पल खाने के लिए मना किया जाता है।

**एलर्जी :** अनानास में मीट टेंडराइजिंग गुण मौजूद होते हैं। जो किसी भी व्यक्ति में एलर्जिक रिएक्शन को ट्रिगर कर सकते हैं। इसका जरूरत से ज्यादा सेवन करने पर कुछ लोगों में एलर्जी की प्रतिक्रिया हो सकती है।

**दांत दर्द :** अनानास दांतों के लिए नुकासनदायक हो सकता है। इसका ज्यादा सेवन दांतों में संवेदनशीलता और सड़न की समस्या को पैदा कर सकता है। दरअसल, पाइनएप्प्ल में मौजूद एसिड कंटेट की वजह से मसूड़े और दांतों का इनेमल खराब होने के साथ व्यक्ति को बलगम और गले की खराश की समस्या भी परेशान कर सकती है।



**पाचन :** पाइनएप्प्ल में विटामिन सी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। इसका जरूरत से ज्यादा सेवन पेट से जुड़ी समस्याएं, जी मिचलाना, डायरिया, उल्टी, पेट में दर्द, सीने में जलन जैसी दिक्कतें पैदा हो सकती है। यही वजह है कि इस फल को खाली पेट खाने की सलाह नहीं दी जाती है।

# एरिया डोमिनेशन अभियान में 558 अपराधी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और सेवन करने वालों के खिलाफ जयपुर पुलिस ने तीन दिवसीय विशेष एरिया डोमिनेशन अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। इस अभियान में कुल 558 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के मार्गदर्शन में स्पेशल पुलिस कमिश्नर ऑपरेशन्स ओम प्रकाश के निर्देशन तथा पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन के सुपरविजन में शहर के चारों जिलों पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण में यह अभियान संचालित किया गया।

### नशा तस्करों पर कसा शिकंजा

पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन ने बताया कि यह अभियान के दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत 55 प्रकरण दर्ज कर 54 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जबकि अन्य मामलों में 32 आरोपियों को पकड़ा गया। इसके अलावा लंबित मामलों में वांछित 4 आरोपियों सहित कुल 90 अपराधियों को दबोचा गया।

### वांछित और इनामी बदमाश भी पकड़े

पुलिस ने अभियान के दौरान 73 स्थायी वारंटी, पीओ और गिरफ्तारी वारंटियों के साथ 8 इनामी अपराधियों सहित कुल 81 अपराधियों को गिरफ्तार किया। वहीं बीएनएसएस की धारा 170 के तहत 387 व्यक्तियों के खिलाफकार्रवाई की गई।

### 274 टीमों ने की कार्रवाई

इस विशेष अभियान के लिए 274 पुलिस टीमों का गठन कर 1020 स्थानों पर दबिश और सघन चेकिंग की गई। संवेदनशील इलाकों, सार्वजनिक स्थानों, किराए के मकानों और संदिग्ध ठिकानों पर लगातार निगरानी रखी गई। जयपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नशे के खिलाफइस तरह के विशेष अभियान आगे भी जारी रहेंगे ताकि आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हो और अपराधियों में कानून का भय बना रहे।

# आखातीज पर दान-पुण्य का शुभ संयोग

## दो हजार से अधिक विवाह को देखते हुए प्रशासन सतर्क

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आखातीज 19 अप्रैल के अबूझ सावे को लेकर राजधानी सहित जिलेभर में उत्साह का माहौल है। इस दिन दान-पुण्य, पूजा-अर्चना और मांगलिक कार्यों की धूम रहेगी। पंडित श्रीकृष्ण चन्द्र शर्मा के अनुसार आखातीज का पर्व सुख, समृद्धि और नए कार्यों की शुरुआत के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। पौराणिक मान्यता है कि इसी तिथि से सतयुग और त्रेतायुग का आरंभ हुआ था, इसलिए इसे कृतयुगादि तृतीया भी कहा जाता है। इस दिन किए गए धार्मिक कार्यों का फल अक्षय रहता है। श्रद्धालु इस दिन विशेष रूप से सूर्य देव की पूजा कर उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करते हैं। मंदिरों और घरों में पूजा-पाठ, हवन और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा।

### 2000 से अधिक विवाह की संभावना

आखातीज के अबूझ सावे पर जिलेभर में 2000 से अधिक विवाह समारोह आयोजित होने की संभावना है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक शादी समारोहों की तैयारियां जोरों पर हैं। ग्रामीण इलाकों में किसान इस दिन मौसम के शकुन देखकर आगामी फसल के संकेत भी लेते हैं।

### दान-पुण्य का विशेष महत्व

इस दिन जल, अन्न, वस्त्र और धन का दान विशेष फलदायी माना जाता है। जरूरतमंदों की सहायता, गौसेवा और अन्नदान को समाज में सुख-समृद्धि का कारक माना गया है। आखातीज को शुभता, शुद्धता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक पर्व माना जाता है।

### बाल विवाह रोकने को प्रशासन अलर्ट

अबूझ सावे को देखते हुए प्रशासन ने बाल विवाह रोकने के लिए विशेष तैयारियां की हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। तहसील स्तर पर शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और अन्य स्थानीय कर्मियों को निगरानी के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी अवैध गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

### गैस सिलेंडर की कमी से बढ़ी चिंता

विवाह समारोहों की अधिकता के बीच एलपीजी गैस सिलेंडरों की कमी ने आमजन की परेशानी बढ़ा दी है। जिला प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही हैं। कई परिवारों को मजबूरी में लकड़ी और कोयले का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे खर्च भी बढ़ गया है।

# वार्ड 13 में बोरवेल का निर्माण शुरू



निसं

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** पंचायत समिति कार्यालय के पीछे राजस्थान ग्रामीण बैंक के पास वार्ड 13 में बोरवेल का निर्माण शुरू किया गया। भाजपा नेता राजेश दहिया की अनुशंसा पर मिले बोरवेल के शिलान्यास समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी शीशराम हलवाई रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र गिरधर ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा नेता राजेश वर्मा थे। इस अवसर पर मनोज बुडानिया, जितेंद्र गाडोदिया, महावीर, सुरेंद्र, जीतू, गौरव गोयल, सरदार राम, महेंद्र, ओमप्रकाश, रतनलाल, सीमा, गीता देवी, प्रेम देवी, माया, उम्मेद, प्रेम, राधा कंवर, मुकेश कंवर, गुड्डी देवी, मुनेश कंवर, सीमा, विमला आदि वार्डवासी मौजूद रहे। बोरवेल के स्वीकृति पर वार्डवासियों ने राजेश दहिया का आभार जताया।

# सुलह-समाधान से होगा मामलों का शीघ्र निस्तारण : मनोज मील

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जयपुर द्वारा मीडियेशन फॉर द नेशन 2.0 अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। गौरतलब हैं कि झुंझुनू जिला आयोग राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत प्रदेश भर में सर्वाधिक प्रकरणों का निस्तारण करता आ रहा हैं। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, झुंझुनू के अध्यक्ष मनोज मील ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य उपभोक्ता विवादों का त्वरित, सरल एवं सौहार्दपूर्ण समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर मीडियेशन के जरिए निपटाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### सुलह से समाधान की ओर बढ़ता कदम

मनोज मील ने बताया कि मीडियेशन फॉर द नेशन 2.0 के माध्यम से उपभोक्ताओं और सेवा प्रदाताओं के बीच आपसी सहमति से विवाद सुलझाने की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलेगा। इससे न्यायालयों पर बढ़ते बोझ को कम करने के साथ-साथ समय और संसाधनों की भी बचत होगी।

### सभी आयोगों को सक्रिय भागीदारी के निर्देश

उन्होंने कहा कि राज्य आयोग के निर्देशानुसार सभी जिला एवं सर्किट बैंच इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेंगे और अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण मीडियेशन के जरिए सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं एवं जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

### उपभोक्ताओं को मिलेगा त्वरित न्याय



मनोज मील के अनुसार इस पहल से आम उपभोक्ताओं को जल्द राहत मिलेगी। मीडियेशन प्रक्रिया के माध्यम से विवादों का निपटारा कम समय में और बिना जटिल कानूनी प्रक्रिया के किया जा सकेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि मीडियेशन फॉर द नेशन 2.0 अभियान उपभोक्ता न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और त्वरित बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

# रामकथा के आठवें दिन भावुक हुआ माहौल, 51 लाख के दान ने बनाई खास पहचान





निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र के लिखमादेसर गांव में इन दिनों चल रही श्रीराम कथा में भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिल रहा है। पूनमचंद रामनिवास तिवाड़ी परिवार द्वारा आयोजित इस कथा के आठवें दिन श्रद्धा और भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा वाचक शिवेंद्राश्रम महाराज ने जैसे ही राम-भरत मिलन का मार्मिक प्रसंग सुनाया, पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई। वहीं जटायु उद्धार और शबरी के प्रेम की कथा ने भी सभी को गहराई से भावविभोर कर दिया। पूरा माहौल भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भक्ति में डूबे नजर आए। इस दौरान कार्यक्रम की सबसे बड़ी चर्चा भामाशाह विकास कुमार मालू की उदारता को लेकर रही। उन्होंने श्री कृष्ण गोपाल गौशाला ट्रस्ट को 51 लाख रुपये का दान देकर सभी को चौंका दिया। जैसे ही यह घोषणा हुई, पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वहीं दिनभर में कुल 61 लाख रुपये का सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे आयोजन की भव्यता और बढ़ गई। मंच पर भामाशाह विकास कुमार मालू, विनीत मालू एवं राजस्थान ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष केशरीचंद शर्मा की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। कथा स्थल पर उमड़ी भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया कि लिखमादेसर इन दिनों आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। इस अवसर पर महंत भंवरनाथ ज्याणी, शोभाकांत स्वामी, दुर्गाराम पारीक, विद्याधर पारीक साहवा, सुरेश तिवाड़ी, ओमप्रकाश सिद्ध, जितेंद्र राजवी, देवीलाल तिवाड़ी, पवन पारीक आसपालसर, ऋतिक तिवाड़ी, मनोज पारीक राजलदेसर, मांगीलाल जोशी बंधनाऊ, राजेश पारीक, पं शिवकांत पारीक, तरुण तिवाड़ी, गजेंद्र तिवाड़ी, अक्षय तिवाड़ी, प्रियांशी, पार्थ, रुचिका पारीक, जगदीश प्रसाद, राम प्रसाद बोहरा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# अज्ञात वाहन ने मारी बाइक को टक्कर, हादसे में युवक की मौत



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी नगर थाना क्षेत्र के भिटेरा के पास देर शाम को सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस की ओर से गुरुवार को राजकीय उप जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाया। टीलावाली निवासी अमर सिंह ने बताया कि उसका भाई विजेंद्र सिंह पुत्र बजरंग लाल देर शाम करीब आठ बजे जसरापुर के कोठी की ढाणी स्थित अपने खेत में गया था। जब वह बाइक पर सवार होकर वापस आ रहा था तो भिटेरा के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल होकर सड़क पर गिर गया। इस दौरान हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा घायलावस्था में विजेंद्र सिंह को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में पहुंचाया गया। इस दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक विजेंद्र सिंह मजदूरी करता था उसके एक छोटा भाई अमर सिंह भी नीमकाथाना में मजदूरी करता है। मृतक शादीशुदा था उसके एक बेटी भावना 8, बेटा रूपेश 6 व एक बेटी गरीसमा है। हादसे की सूचना पर परिजन भी उप जिला अस्पताल में पंहुचे तथा घटना के बारे में जानकारी जुटाई। घटना की सूचना पर खेतड़ी नगर पुलिस भी मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का मौका मुआयना कर आवश्यक जानकारी जुटाई। एएसआई विजय सिंह ने बताया कि मृतक के शव का राजकीय उप जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। परिजनों की ओर से दी जाने वाली रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान हादसे में बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

# लॉड्र्स इंटरनेशनल स्कूल का सीबीएसई कक्षा 10 का परिणाम रहा सर्वश्रेष्ठ

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** लॉड्र्स इंटरनेशनल स्कूल ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में शहर में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरव बढ़ाया है। विद्यालय का परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय का औसत परिणाम 82.4 प्रतिशत रहा, जो उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता को दर्शाता है। विद्यालय की छात्रा शिक्षा ने 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके बाद एशल ने 93.60 प्रतिशत जबकि जयंत गोयल एवं उत्कर्ष जांगिड़ ने 91.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अन्य विद्यार्थियों ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया, जो विद्यालय के मजबूत शैक्षणिक वातावरण को दर्शाता है। जैसा कि 26 जनवरी 2026, गणतंत्र दिवस के अवसर पर वादा किया गया था, इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश कुमार रोसावाँ ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता सभी के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। विद्यालय के अध्यक्ष संजय सगतानी एवं विद्यालय सचिव प्रमोद सगतानी ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं तथा शिक्षकों के प्रयासों की



सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करती रहेगी।

# टैगोर निंबी जोधा में सम्मान समारोह आयोजित

निसं

**लाडनूं ( नवयत्न )।** टैगोर पब्लिक स्कूल निंबी जोधा के छात्र-छात्राओं ने जिले में लगातार तीसरी साल तक सर्वश्रेष्ठ सी.बी.एस.ई 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम देकर हैट्रिक बनाई है।

निदेशक गुलाब सिंह शेखावत ने बताया कि विद्यालय के दो छात्र-छात्राओं-खोखरी निवासी भरत ठोलिया पुत्र रामचंद्र ठोलिया और सिकराली निवासी रिद्धिका राठोड़ पुत्री विक्रम सिंह ने 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने का रिकॉर्ड कायम किया है। गत दो वर्षों से टैगोर पब्लिक स्कूल के छात्र-खामियाद निवासी विनय प्रताप सिंह ने 97 प्रतिशत और दुदौली निवासी राज्यवर्धन सिंह ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे।



और इस वर्ष अपने ही विद्यालय के छात्रों का रिकॉर्ड तोड़कर भरत ठोलिया और रिद्धिका राठौड़ ने ऐतिहासिक परिणाम दिया। विद्यालय प्रिंसिपल डॉ. नीतू शर्मा ने बताया कि कुल चार छात्र छात्राओं ने 95 प्रतिशत से ऊपर 13 छात्र-छात्राओं ने 90 प्रतिशत से ऊपर वह 20 छात्र-छात्राओं ने 85 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित किये हैं।

इस अवसर पर विद्यालय में विजयोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य व पूर्व सरपंच श्रीराम खीचड़ एवं पूर्व सरपंच झबर सिंह चौहान निंबी जोधा रहे।

# विद्यार्थियों को पढ़ाया शहरी स्वच्छता का सबक

**लाडनूं ( नवयत्न )।** सीवरेज परियोजना के कार्य कर रही राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत अधीक्षण अभियंता नेमीचंद पंवार के मार्गदर्शन में रेगर बस्ती लाडनूं के विद्यार्थियों को स्वच्छता ओर सीवरेज परियोजना की जानकारी दी। कैप रुडीप के असलम खान ने स्वच्छता और सिवरेज परियोजना की जानकारी देते हुए बताया की आपके घर के स्नानघर, रसोईघर व शौचालय को सीवर लाइन से जोड़ा जाएगा । इसलिए सीवर लाइन बिछाने में सकारात्मक सहयोग देवे। एंव आपकी कॉलोनी मे अभी सीवरेज कनेक्शन किये जा रहे है तो आप भी कनेक्शन करवाये। किसी भी प्रकार के सुझाव एंव शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 1800 212 2300 कि जानकारी दी।

# उधारी के पैसे को लेकर खूनी संघर्ष

जयपुर (नवयत्न)।

मुहाना इलाके में उधारी के पैसे को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। शातिर बदमाश ने उधारी के पैसे देने का झांसा देकर युवक को बुलाया और उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। बदमाश ने कार में ही चाकू से गला रेता और पेट में चाकू घोंपने का प्रयास किया। लेकिन गंभीर घायल होने के बाद भी युवक ने हिम्मत नहीं हारी और कार से नीचे उतर कर धर्मकांटे तक पहुंचा और अपने परिजनों को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर घायल अवस्था में युवक को मानसरोवर के निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने पर्चा बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफजानलेवा हमला करने का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है। गौरतलब है कि बांस बीलवा निवासी गोविंद मीणा ने रामचंद्रपुरा निवासी गोविंद बाडेवाल को करीब 30 लाख रुपए उधार दे रखे थे। मंगलवार को बाडेवाल ने फोन कर पैसे लौटाने की बात कही और गोविंद मीणा को लालबाग बुलाया। वहां मिलने के बाद आरोपी उसे अपने घर ले गया। इसके बाद रिश्तेदार से पैसे दिलवाने का झांसा देकर उसे रिंग रोड की ओर ले जाने लगा। रास्ते में आरोपी ने अपने साथी गिरधारी जाट को भी कार में बैठा लिया। सुनसान रास्ते पर पहुंचते ही दोनों आरोपियों ने मिलकर गोविंद मीणा पर हमला कर दिया। बाडेवाल ने चाकू से उसकी गर्दन और पेट पर कई वार किए, जबकि पीछे बैठे गिरधारी जाट ने रस्सी से उसका गला घोंटने का प्रयास किया। अचानक हुए इस हमले से युवक बुरी तरह घायल हो गया, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी। हमले के दौरान गोविंद किसी तरह कार से बाहर निकलकर जान बचाने के लिए भागा। वह लहूलुहान हालत में पास के एक धर्मकांटे तक पहुंचा और अपने परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे तुरंत मानसरोवर स्थित एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने गोविंद बाडेवाल और गिरधारी जाट के खिलाफहत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# जेडीए का अतिक्रमण पर एक्शन, बाइपास-सिरसी रोड 160 फीट चौड़ी होगी

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में अतिक्रमण के खिलाफ जयपुर विकास प्राधिकरण ने बड़ा अभियान शुरू करते हुए बाइपास से सिरसी रोड तक सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई तेज कर दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत चल रहे इस अभियान में करीब 5 किलोमीटर क्षेत्र में 160 फीट सड़क चौड़ीकरण के लिए अवैध निर्माणों का चिन्हांकन किया जा रहा है। जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन के निर्देश पर प्रवर्तन दस्ते ने गुरुवार को 8 टीमों के साथ मौके पर कार्रवाई करते हुए सड़क सीमा में आने वाले अतिक्रमणों पर लाल निशान लगाए। उप महानिरीक्षक पुलिस आनंद शर्मा ने बताया कि चिन्हित अवैध निर्माणों को जल्द हटाया जाएगा। इसी क्रम में धावास क्षेत्र में भी बुलडोजर कार्रवाई करते हुए सड़क सीमा में बनी अस्थाई दीवार को ध्वस्त कर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के नेतृत्व में की गई, जिसमें प्रवर्तन अधिकारी, राजस्व व तकनीकी स्टाफ सहित बड़ी संख्या में कर्मी मौजूद रहे।

# आदिवासी, आदिमजाति समुदाय को पृथक जनगणना कॉलम दिए जाने की मांग



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** भारतीय जनगणना में देश के आदिवासी, आदिमजाति समुदाय को पृथक जनगणना कॉलम की मांग राजस्थान प्रदेश आदिवासी कांग्रेस की ओर से पुरजोर उठाने के तहत गुरुवार को राजस्थान प्रदेश आदिवासी कांग्रेस संभागीय प्रभारी कैलाशी मीणा के नेतृत्व में विभिन्न जिलाध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जयपुर संभागीय आयुक्त को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भारत का आदिवासी आदिमजाति समुदाय जिसको ट्राइब, ट्राईबल, आदिवासी आदि नामों से जाना जाता है। इनकी सभी धर्मो से पृथक अपनी सांस्कृतिक पहचान है। उन्होंने कहा कि 1950 में संविधान लागू होने से पहले शीडयूल्ड डिस्ट्रिक्ट एक्ट 1874, भारत सरकार अधिनियम 1919 और भारत सरकार अधिनियम 1935 में पृथक धर्म कोड आवंटित था। नीमकाथाना जिलाध्यक्ष रामनिवास मीणा ने कहा कि आदिम जाति आदिवासी को सर्व प्रथम 1871 से लेकर 1950 तक की जनगणना में पृथक धर्म कोड और जनगणना कॉलम दिया गया था। झुंझुनूं जिलाध्यक्ष रतन लाल मीणा ने कहा कि सप्रीम कोर्ट के कैलाश बनाम महाराष्ट्र सरकार के फैसले में भी आदिमजाति आदिवासी को भारत का मूल निवासी मान कर आदिवासी को मूल निवासी और शेष 92 प्रतिशत मूलनिवासियों को बाहरी अप्रवासी बताया गया है। ज्ञापन में लिखा है कि साक्ष्य के आधार पर भारत वर्ष के आदिवासी आदिमजाति की संस्कृति के सुरक्षित रखने के लिए भारत के आदिवासियों का जनगणना कॉलम पृथक दिए जाने की मांग की। इस दौरान नीमकाथाना जिलाध्यक्ष रामनिवास मीणा, जयपुर शहर अध्यक्ष रेखा करोल, कोटपुतली बहरोड़ अध्यक्ष जगदीश मीणा, झुंझुनू जिलाध्यक्ष रतन लाल मीणा, नरेंद्र मीणा अजमेरी, जितेंद्र जेफ नयाबास, अनिल मीणा, बलराम मीणा समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने पहाड़ी पर लगी आग बुझाई

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** मानवता की सेवा और छात्र शक्ति-राष्ट्र शक्ति के ध्येय को चरितार्थ करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने एक बार फिर अपनी सजगता का परिचय दिया है। गुढ़ा नगर क्षेत्र की पहाड़ी अरावली पर अचानक आग लग गई, जिसे परिषद के कार्यकर्ताओं ने अपनी सूझबूझ और साहस से समय रहते बुझा दिया। एबीवीपी के झुंझुनू जिले के जिला संयोजक अभय प्रताप सिंह ने बताया कि अचानक राजकीय महाविद्यालय गुढ़ा गौड़जी के पीछे की पहाड़ी में आग लग गयी जैसे ही एबीवीपी कार्यकर्ताओं को इसकी सूचना मिली, वे बिना समय गंवाए मौके पर पहुँच गए। दमकल विभाग को सूचित करने के साथ ही कार्यकर्ताओं ने स्थानीय संसाधनों की मदद से खुद आग पर काबू पाना शुरू कर दिया। घंटों की मशक्कत के बाद कार्यकर्ताओं ने आग को पूरी तरह बुझा दिया।

## गैस एजेंसियों पर सख्त निगरानी ओटीपी से ही सिलेण्डर वितरण के निर्देश

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी के निर्देशानुसार जिला रसद कार्यालय के प्रवर्तन दल द्वारा नीमकाथाना स्थित छावनी गैस एजेंसी पर सघन जांच की गई। जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी जयराम गुर्जर शामिल रहे। जिला कलेक्टर ने गुरुवार को विक्रय अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए कि सभी उपभोक्ताओं को गैस सिलेण्डर की आपूर्ति केवल ओटीपी के माध्यम से ही की जाए तथा बिना बुकिंग के किसी भी प्रकार की आपूर्ति नहीं की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों की अवहेलना करने वाली एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सभी गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंप संचालकों को अपने प्रतिष्ठान एवं गोदामों पर 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे चालू रखने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही सभी उपखंड अधिकारियों एवं खाद्य विभाग के प्रवर्तन दलों को गैस एजेंसियों एवं पेट्रोल पंपों के आकस्मिक निरीक्षण करने के निर्देश प्रदान किए गए। जिला कलेक्टर ने बताया कि होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा एवं औद्योगिक इकाइयों को पाइपलाइन गैस कनेक्शन के लिए आवेदन करने के बाद ही व्यावसायिक सिलेण्डरों की आपूर्ति की जाएगी। पाइपलाइन गैस आपूर्ति के संबंध में चीफमैनेजर दुष्यन्त मनी ने जानकारी दी कि पाइपलाइन गैस कनेक्शन आसानी से उपलब्ध है तथा एलपीजी गैस की तुलना में सस्ता एवं सुविधाजनक है। इसमें बुकिंग की आवश्यकता नहीं होती तथा आपूर्ति निर्बाध रहती है। उन्होंने बताया कि अब पाइपलाइन गैस कनेक्शन घरों के साथ-साथ होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, छात्रावास एवं विद्यालयों को भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा उपखंड अधिकारी के नेतृत्व में त्रिस्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है, जो नियमित रूप से अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी रखेगी तथा गैस एजेंसियों की जांच करेगी। नगर परिषद एवं नगर पालिकाओं के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि नगरीय क्षेत्रों के प्रमुख स्थानों पर गैस सिलेण्डर बुकिंग एवं शिकायत के लिए कस्टमर केयर नंबर 181, 112 एवं विभागीय हेल्पलाइन नंबर 14435 का व्यापक प्रचार.प्रसार किया जाए। जिले में कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 01572-251008 है। जिला विक्रय अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिले में व्यावसायिक सिलेण्डरों की आपूर्ति प्रारंभ कर दी गई है तथा घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेण्डरों की मांग एवं आपूर्ति पर सतत निगरानी रखी जा रही है। जिला कलेक्टर ने आमजन से अपील की है कि जिले में घरेलू गैस सिलेण्डरों की कोई कमी नहीं हैए उपभोक्ता किसी प्रकार की अफवाहों से बचें तथा अनावश्यक बुकिंग या सिलेण्डरों का संग्रहण नहीं करें।

## जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करना सुनिश्चित करे : मोदी

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी की अध्यक्षता में गुरुवार को भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र, कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान भूमिगत रास्तों एवं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने, पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, गोवटी में मुख्यमंत्री जनसहभागिता अनुदान से विद्यालय छत की मरम्मत के लिए भौतिक सत्यापन कर कार्य शुरू करवाने, जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित पानी की टंकी को मुख्य लाइन से जोड़ने, सीमांकन करवाने, दांतारामगढ़ के अमानीपुरा में चारागाह की भूमि से अतिक्रमण हटाकर फोटो-वीडियों के माध्यम से सत्यापन करने, आरटीआई प्रकरणों में जवाब देनेए सरकारी विद्यालय की जमीन से अतिक्रमण हटाने, अजीतगढ़ में गोपालदास मंदिर के रास्ते पर अतिक्रमण हटाने तथा नगर पालिका धोद में नाली की सफाई कर साफसफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित कुल 70 परिवाद प्राप्त हुए। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने सभी परिवादों पर गंभीरता से सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर आवश्यक कार्रवाई कर परिवादियों को त्वरित राहत प्रदान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी राजस्व संबंधी मामलों में मौका विजिट करें तथा पांच वर्ष से पुराने मामलों में हर सप्ताह नियत तारीख देकर सुनवाई सुनिश्चित करें। समसा के सिविल कार्यों में विकास कार्यों की धीमी प्रगति पर जिला शिक्षा अधिकारी को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। पाटन के एक विद्यालय में शैक्षणिक अनियमितताएं पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी को मौके पर जाकर वस्तुस्थिति जांचने और शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित विद्यालय का रजिस्ट्रेशन रद्द करने की अनुशंसा शिक्षा विभाग को करने के निर्देश दिए। जिले के कुछ विद्यालयों में शिक्षक स्टाफकी कमी या अधिकता को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि जहां शिक्षक अधिक हैं, वहां से शिक्षकों को कम स्टाफवाले विद्यालयों में डेपुटेशन पर लगाया जाए ताकि शैक्षणिक व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने आमजन से जुड़ी विभागीय समस्याओं, राजस्थान संपर्क पोर्टल के लंबित परिवादों तथा ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ राजपाल यादव, यूआईटी सचिव जे.पी. गौड़, एसडीएम सीकर निखिल कुमार, सहायक निदेशक इंदिरा शर्मा, एसई एवीवीएनएल सुभाष देवंदा, एसई पीडब्ल्यूडी जे.पी. यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में परिवादी उपस्थित रहे।

## विकसित भारत की आधारशिला बना नारी शक्ति वंदन अधिनियम : गुर्जर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर निवर्तमान महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने उद्यमी महिलाओं के साथ श्चाय पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह अधिनियम विकसित भारत के निर्माण की मजबूत आधारशिला है और महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनाने वाला ऐतिहासिक कदम है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उद्यमी महिलाओं ने भाग लिया और अधिनियम को लेकर अपने विचार साझा किए। डॉ. गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान महिलाओं को लोकतंत्र में सशक्त भागीदारी देगा, जिससे शासन में संतुलन और समावेशिता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि इस कानून से महिलाओं को नीति-निर्माण और निर्णय प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सामाजिक न्याय जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव आएंगे। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने संसद में चल रहे विशेष सत्र का प्रसारण भी देखा और अधिनियम का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक बताया। अंत में उपस्थित महिलाओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर आभार व्यक्त किया।



# काटली नदी के दोनों किनारों पर हरित पट्टिका बनाने की उठी मांग

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी की जल जीवन रेखा काटली नदी के दोनों तटों पर वृक्षारोपण कर हरित पट्टिका विकसित करने तथा सहायक नदी-नालों व जल स्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करवाने की माँग उठाई गई है। इसके साथ ही उद्गम स्थल पर बने बाँध और एनीकट के अलावा जोधपुरा, सुनारी, मैनपुरा, हीरवाना व बगड़ के पास जल सोखता बाँध बनाकर इनमें सिंधु जल प्रवाहित करने की भी माँग की गई। सरस्वती रूरल एंड अरबन डेवलपमेंट सोसायटी झुंझुनू की ओर से संचालित काटली नदी बचाओ जन अभियान के तहत गुरुवार को जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग को ज्ञापन सौंपकर नदी के पुनर्जीवन की विस्तृत योजना प्रस्तुत की गई। अभियान संयोजक सुभाष कश्यप के नेतृत्व में महेश बसावतिया, एडवोकेट महेंद्र कुमार, सतीश मिश्रा छापोली, धर्मपाल यादव मंडावरा, दीपक मीणा बाघोली, मदन खैरवा धोलाखेड़ा, धन सिंह कश्यप कीरपुरा, मोहर सिंह ककराना, एडवोकेट विजय सिंह ओला, केसर देव कुमावत धोलाखेड़ा, शिक्षाविद सुरेश दड़िया, एडवोकेट कैलाश जांगिड़, एडवोकेट आलोक शर्मा, एडवोकेट बाबूलाल सैनी, डॉ सुमन शर्मा, एडवोकेट हेम सिंह राठौड़, एडवोकेट राजकुमार, एडवोकेट संदीप सैनी, डॉ राजकुमार, महेंद्र सिंह सैनी, राजकुमार केडिया सहित कई गणमान्य लोगों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन कलेक्टर व मुख्यमंत्री के नाम प्रस्तुत किए गए। ज्ञापन में काटली नदी के उद्गम क्षेत्र के जल स्रोतों की रक्षा, भविष्य में अतिक्रमण रोकने के लिए सीमांकन तथा स्थानीय जलवायु के अनुकूल दीर्घायु वृक्षों का रोपण कर हरित पट्टिका विकसित करने की माँग की गई है। मुख्यमंत्री के नाम भेजे गए ज्ञापन में काटली नदी के अतीत और वर्तमान का उल्लेख करते हुए इसके पुनर्जीवन की योजना और इससे स्थानीय आबादी को होने वाले लाभों का विस्तृत विवरण दिया गया है। जिला कलेक्टर ने नदी कार्यकर्ताओं की बात ध्यानपूर्वक सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। संयोजक सुभाष कश्यप के अनुसार काटली नदी के पुनर्जीवन के लिए शीघ्र ही सीकर, झुंझुनू और चूरू के जिला कलेक्टरों के साथ-साथ शेखावाटी क्षेत्र के सांसद बृजेंद्र ओला, राहुल कस्वां और अमराराम को भी प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे जाएंगे।



## राष्ट्रीय अग्नि शमन सुरक्षा सप्ताह के तहत विभिन्न स्थानों पर मॉकड्रिल आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय अग्नि शमन सुरक्षा सप्ताह 14 अप्रैल से 20 अप्रैल के अंतर्गत नगर परिषद सीकर के वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा के निर्देशानुसार फायर ऑफिसर लोकेश कुमार गोठवाल के नेतृत्व में शहर के विभिन्न संस्थानों में अग्नि सुरक्षा जागरूकता के लिए मॉक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान गुरुकृपा कोचिंग सेंटर, बागड़िया हॉस्पिटल, राजकीय जनाना हॉस्पिटल, मानवता हॉस्पिटल, वीनस हॉस्पिटल, राठी हॉस्पिटल तथा इमेनयुअल स्कूल सहित विभिन्न स्थानों पर आपातकालीन परिस्थितियों में आग लगने की स्थिति से निपटने के उपायों का प्रदर्शन किया गया। वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा ने बताया कि नगर परिषद द्वारा भविष्य में भी शहरभर में अग्नि सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आमजन को आगजनी की घटनाओं से बचाव, सतर्कता तथा आपात स्थिति में सही निर्णय लेने के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरोंए कार्यालयों, अस्पतालों, स्कूल-कॉलेजों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अग्नि सुरक्षा उपकरणों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दें। मॉक ड्रिल के दौरान फायर ऑफिसर लोकेश कुमार गोठवाल, फायरमैन शुभम बेनीवाल, रामावतार, वाहन चालक मुकेश यादव, हेमराज गुर्जर, विनोद, राकेश हरितवाल एवं मुखराम महला ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए लोगों को सुरक्षा उपायों की जानकारी दी।

## मैकडॉनल्ड आउटलेट का लाइसेंस निलंबित

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गौरव टावर स्थित मैकडॉनल्ड रेस्टोरेंट का फूड लाइसेंस निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान डॉ टी. शुभमंगला के निर्देश पर की गई। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय डॉ मनीष मित्तल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उपयोग में लिए जा रहे खाद्य तेल का टीपीसी (टोटल पोलर कंपाउंड) स्तर निर्धारित मानक 25 से काफी अधिक पाया गया, जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। मौके से लिया गया यूज्ड कुकिंग ऑयल का नमूना जांच में अनसेफ पाया गया। प्राथमिक जांच के बाद फर्म को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 के तहत सुधार नोटिस जारी किया गया था। हालांकि निर्धारित अवधि के बाद पुनः निरीक्षण में भी आउटलेट पर कई कमियां पाई गई।

इसके बाद अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह के निर्देश पर जनहित में कड़ी कार्रवाई करते हुए फर्म का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। अब उक्त आउटलेट पर किसी भी प्रकार का खाद्य कारोबार, चाहे ऑफलाइन हो या ऑनलाइन, पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। आदेशों का उल्लंघन करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुशील चोटवानी, विनोद थारवान और राजेश नागर की टीम शामिल रही।



## बाल विवाह निषेध की स्कूली छात्राओं को दी जानकारी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय पीएमश्री राजकीय कनोई बालिका उच्च मा विद्यालय में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू व तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ के निर्देशानुसार पीएलवी विजय पाल श्योराण के द्वारा संस्था के सहयोग से बाल विवाह निषेध विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि हीरालाल गोदारा ने कहा कि यह विधिक जागरूकता की सफलता है कि खुद बेटियां बाल विवाह नहीं करने के लिए खुल कर आगे आने लगी हैं। आखा तीज पर काफी विवाह होते हैं, तो हम सबको ध्यान रखना है कि बाल विवाह ना हों। पेरा लीगल वॉलंटियर विजय पाल श्योराण ने बाल विवाह निषेध कानून की जानकारी देते हुए कहा कि यदि 18 साल से छोटी उम्र की लड़की का विवाह होता है या 21 साल से छोटे उम्र के लड़के का विवाह होता है, तो वह दंडनीय अपराध है। विवाह कराने वाले दोनों पक्ष के बाल विवाह में शामिल लोग दंड के भागी होते हैं। अधिकार मित्र विजयपाल ने चेताया कि किसी भी रूप में बाल विवाह आयोजन में सहभागी नहीं बने। प्रधानाचार्य शिवपाल सिंह ने कहा कि बाल विवाह की कुरीति दूर करने के लिए हम सब विधिक रूप से जागरूक हो, ताकि समाज सही दिशा में आगे बढे।



## निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों की बैठक सम्पन्न

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत निजी शिक्षण संस्थानों के समस्त संस्था प्रधानों की एक महत्वपूर्ण बैठक पंचायत समिति सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीबीईओ बबलेश शर्मा ने की। बैठक में एसीबीईओ प्रथम संजय शर्मा, एसीबीईओ द्वितीय भागचंद, निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष रणधीर सिंह ढाका सहित ब्लॉक के सभी निजी विद्यालयों के संस्था प्रधान उपस्थित रहे। बैठक का संचालन आरपी रामनिवास धेतरवाल द्वारा किया गया। बैठक में नवीन शैक्षिक सत्र के सुचारू संचालन, विभागीय निर्देशों की प्रभावी पालना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से बाल वाहिनी स्कूल परिवहन के सुरक्षित संचालन, विद्यालय भवन की सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधनए नामांकन वृद्धि, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त आरटीई एवं अन्य सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पालनहार योजना व लाडो योजना के अंतर्गत पात्र विद्यार्थियों को लाभान्वित करने, यूडीआईएसई पोर्टल पर समयबद्ध एवं शुद्ध प्रविष्टि सुनिश्चित करने तथा अभिभावक-शिक्षक संवाद को सुदृढ़ करने पर भी विशेष चर्चा की गई। इस अवसर बबलेश शर्मा ने सभी संस्था प्रधानों को निर्देशित किया कि वे विभागीय नियमों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करते हुए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराएं तथा नवाचार गतिविधियों को बढ़ावा दें। बैठक का समापन सभी प्रतिभागियों के सहयोग एवं सुझावों के साथ किया गया।



## निजीकरण के विरोध में रोडवेज कर्मियों का हल्ला बोल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान स्टेट रोडवेज एम्पलाईज यूनियन (एटक/एआईटीयूसी) के बैनर तले गुरुवार को रोडवेज मुख्यालय पर प्रदेश स्तरीय विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। इसमें एक हजार से अधिक सेवारत और सेवानिवृत्त कामगारों ने भाग लेते हुए रोडवेज बचाओ-रोजगार बचाओ के नारे लगाए। इससे पहले कर्मियों ने जयपुर डिपो से मुख्यालय तक रैली निकालकर विरोध जताया। धरने को संबोधित करते हुए यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एमएल यादव ने कहा कि एक समय रोडवेज में 25 हजार से अधिक कर्मचारी और 4500 से अधिक बसें थी जबकि अब यह संख्या घटकर करीब 10 हजार कर्मचारी और 2580 बसों तक सिमट गई है जिनमें से 850 बसें अत्यंत पुरानी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारों की उपेक्षा के चलते रोडवेज को धीरे-धीरे निजीकरण की ओर धकेला जा रहा है। यादव ने बताया कि कर्मचारियों की भारी कमी के कारण ड्राइवर और कंडक्टर से 12 से 16 घंटे तक काम लिया जा रहा है जबकि नियमानुसार 8 घंटे का कार्य निर्धारित है। इसके बावजूद उन्हें ओवरटाइम का भुगतान और साप्ताहिक अवकाश नहीं मिल रहा, जो श्रम कानूनों का उल्लंघन है। यूनियन ने 15 हजार रिक्त पदों पर भर्ती और 2500 नई बसों की खरीद की मांग उठाई। साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों के नाइट अलाउंस, ओवरड्यू और अन्य बकाया भुगतान को लेकर भी नाराजगी जताई, जो पिछले कई वर्षों से लंबित हैं। महासचिव धर्मवीर चौधरी ने ग्रेड पे बढ़ाने, पदोन्नति के अवसर, महिला कर्मियों को चाइल्ड केयर लीव और वार्षिक अवकाश देने की मांग रखते हुए चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। धरने को हरगोविंद शर्मा, आनंद चौधरी, राजेंद्र सिंह सोलंकी, मदन गोपाल विश्नोई, अनिल कटारिया, बूटा सिंह और चंद्र सिंह भूकर ने भी संबोधित किया जबकि अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता ने की।



### जल संकट पर जलदाय विभाग सख्त, अधिकारियों को रोज सुननी होगी शिकायतें

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में बढ़ती गर्मी और पानी की बढ़ती मांग को देखते हुए जलदाय विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। राजधानी जयपुर में मई माह से अतिरिक्त जल आपूर्ति की तैयारी शुरू कर दी गई है ताकि गर्मी के दौरान लोगों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजय सिंह राठौड़ ने सर्कुलर जारी कर सभी अधिशासी एवं सहायक अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि वे प्रतिदिन सुबह 10 से 11 बजे तक अपने कार्यालय में उपभोक्ताओं की जनसुनवाई कर समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करें। विशेष परिस्थितियों में अनुपस्थित रहने पर अधिकारियों को पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। राठौड़ ने बताया कि मई-जून में भीषण गर्मी के चलते पानी की मांग बढ़ना स्वाभाविक है। ऐसे में उपभोक्ता अपनी समस्याएं सीधे संबंधित अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे। इसके साथ ही विभाग ने शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए कंट्रोल रूम और व्हाट्सएप नंबर भी जारी किए हैं, जिनकी उच्च स्तर पर मॉनिटरिंग की जाएगी।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि राज्य सरकार बाल विवाह जैसी कुरीति को जड़ से समाप्त करने के लिए कटिबद्ध है। बाल विवाह को रोकने के लिए समाज की मानसिकता एवं सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाना अत्यंत आवश्यक है तथा इसके लिए वर्ष भर सतत एवं सार्थक प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने बताया कि जिले में अक्षय तृतीया आखातीज एवं पीपल पूर्णिमा जैसे अवसरों पर अबूझ सावा होने के कारण बाल विवाह आयोजित होने की प्रबल संभावनाएँ रहती हैं। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है, जिसकी रोकथाम के लिए आवश्यक कानूनी प्रावधान किए गए हैं। अधिनियम के तहत संबंधित प्राधिकरणों एवं विभागों के बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि प्रत्येक उपखंड स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित कर प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा बाल विवाह आयोजनों को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम के लिए ग्राम एवं तहसील स्तर पर कार्यरत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी-जैसे वृत्ताधिकारी, थानाधिकारी, पटवारी, भू-अभिलेख निरीक्षक, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम सेवक कृषि पर्यवेक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षा विभाग के शिक्षक, नगर निकायों के कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, सरपंच एवं वार्ड पंच-द्वारा अधिनियम के प्रावधानों का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए जन-जागरूकता उत्पन्न की जाए तथा बाल विवाह की सूचना मिलने पर निकटतम पुलिस थाने में तत्काल सूचना देना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि जिले में कलेक्ट्रेट स्तर पर तथा उपखंड स्तर पर स्थापित कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा राजस्व विभागों के समन्वय से टीमों का गठन कर बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं कानूनी प्रावधानों के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, रैलियाँ आयोजित की जाएँगी तथा आमजन से बाल विवाह नहीं करने का संकल्प लिया जाएगा। जिला कलेक्टर ने बताया कि सामूहिक संवाद के माध्यम से ऐसे परिवारों की पहचान कर, जहाँ बाल विवाह की आशंका हो, उन्हें समझाइश दी जाएगी तथा आवश्यकता होने पर विधिक कार्रवाई कर बाल विवाह रोका जाएगा। उपखंड मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित करेंगे तथा उनकी कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत करेंगे। किशोरियों, विशेष रूप से स्कूल जाने वाली एवं बीच में पढ़ाई छोड़ चुकी बालिकाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उनमें बाल विवाह के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी, निर्णय लेने की क्षमता विकसित की जाएगी तथा उन्हें शिक्षा जारी रखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अधिनियम की धारा 16 के अंतर्गत सभी उपखंड अधिकारी अपने क्षेत्र के बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नामित हैं तथा उनके क्षेत्र में बाल विवाह होने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, सीकर द्वारा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ग्राम सभाओं में बाल विवाह न करने का सामूहिक संकल्प दिलाया जाएगा तथा इसके दुष्प्रभावों पर चर्चा कर प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित की जाएगी। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा विवाह से जुड़े सभी संबंधित पक्षों-जैसे प्रिंटिंग प्रेस, पंडित, हलवाई, बैंड, मैरिज गार्डन संचालक, वाहन मालिक एवं ट्रांसपोर्टर-को यह सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया जाएगा कि विवाह से पूर्व वर-वधु की आयु नियमानुसार हो तथा निमंत्रण पत्र में जन्मतिथि अंकित की जाए। जिला कलेक्टर ने बताया कि जिला, ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर गठित स्वयं सहायता समूहों, महिला समूहों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगिनी समूहों को सक्रिय कर बाल विवाह उन्मूलन के लिए व्यापक जन.जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190